संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 24 मार्च 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 82 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

भारतीय नौसेना ने लाल सागर के पूर्व में 100 दिनों के समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के बाद शनिवार को 35 सोमाली समुद्री लुटेरों को भारत लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया है।

फास्ट न्यूज

बीआरएस नेता के कविता को नहीं मिली राहत

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: एक्साइज पॉलिसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के कविता को राहत नहीं मिली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता की ईडी रिमांड 26 मार्च तक बढ़ा दी है। दरअसल, 22 मार्च को सप्रीम कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया। उन्हें दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में शामिल होने के लिए ईडी ने गिरफ्तार किया गया है।

यह एक राजनीतिक मामला है: इस बीच दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इफ्र एमएलसी के. कविता ने मीडिया से कहा कि 'यह एक अवैध गिरफ्तारी है। हम इसे अदालत में लड़ने जा रहे हैं। यह एक राजनीतिक मामला है, एक मनगढ़ंत मामला है, एक झूठा मामला है। हम इससे लड़ रहे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है, वे बार-बार वही बातें पूछ रहे हैं।'

ईडी की गिरफ्तारी को दी थी चुनौती: बता दें कि 46 वर्षीय कविता को संघीय मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी ने हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स स्थित घर से गिरफ्तार किया था। के कविता द्वारा दायर एक रिट याचिका पर शीर्ष अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया है, जिसमें दिल्ली शराब नीति मामले के संबंध में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें ट्रायल कोर्ट में जाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की विशेष पीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि लोग सिर्फ इसलिए जमानत के लिए शीर्ष अदालत से सीधे संपर्क नहीं कर सकते क्योंकि वे राजनेता हैं या ऐसा करने में सक्षम हैं।

करोड़ों दुआएं मेरी ताकत: केजरीवाल

= मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं: केजरीवाल

वीडियो मैसेज

8 अरविंद केजरीवाल की पत्नी ने वीडियो मैसेज में केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली शराब नीति केस में पीएमएलए कोर्ट ने 22 मार्च को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 6 दिन की (28 मार्च तक) ईडी की रिमांड पर भेज दिया। केजरीवाल को 21 मार्च को सीएम हाउस से गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार दोपहर 2 बजे उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। शनिवार दोपहर केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने वीडियो मैसेज में केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया। 3 मिनट 21 सेकेंड के इस संदेश में कहा गया कि अब तक मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं। आप कार्यकर्ताओं से अपील है कि मेरी गिरफ्तारी की वजह से भाजपा वालों से नफरत न करें। आप मंत्री आतिशी ने दावा किया है कि उनके पार्टी कार्यालय को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान किसी राष्ट्रीय पार्टी के ऑफिस में लोगों की एंट्री कैसे रोकी जा सकती है? हम इलेक्शन कमीशन में इसकी शिकायत करेंगे। इधर तिहाड़ में बंद ठग सुकेश ने केजरीवाल के नाम चिट्ठी लिखी है। उसने लिखा- डियर ब्रदर अरविंद केजरीवाल, वेलकम टु तिहाड़ क्लब। मैं बहुत खुश हूं कि मेरे तीनों भाई अब यहां है, तिहाड़ क्लब चलाने के लिए चेयरमैन बिग बॉस- अरविंद केजरीवाल। सीईओ-मनीष सिसोदिया और सीओओ- सत्येंद्र जैन।

कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा- केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए: कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा, 'कोर्ट तय करेगा कि अरविंद केजरीवाल ने कोई पैसा लिया है या नहीं, इस पर मैं कुछ नहीं कह सकता, लेकिन जब कोई व्यक्ति, खासकर किसी सीएम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगता है और वह कहता है कि वह जेल से सरकार चलाएगा, इस्तीफा नहीं देगा।

पुलिस नेताओं को जगह-जगह रोक रही: आतिशी

आम आदमी पार्टी ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें पुलिस आप मंत्री आतिशी को रोकती नजर आ रही है। इस वीडियो के साथ अअढ ने लिखा- कायर मोदी इतना डर गया है कि वो अब आप को चुनाव नहीं लड़ने देना चाहता। आप मंत्री आतिशी को भी पुलिस जगह-जगह रोक रही है। मोदी जी एक काम करो, सब आप नेताओं और कार्यकर्ताओं को गोली मार दो, आपका काम आसान हो जाएगा।

'हमने चुनाव आयोग से मिलने के लिए वक्त मांगा'

आतिशी ने शनिवार को बताया कि हमने चुनाव आयोग से मिलने के वक्त मांगा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बाद भी दिल्ली में आप का कार्यालय 'सील' कर दिया गया है। आतिशी ने कहा कि ये कदम संविधान के खिलाफ है। एक विधायक के घर पर रेड मारी गई है। उन्होंने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि आचार संहिता लगने के बाद भी एजेंसियों के एक्शन को रोकने के लिए फौरन कदम उठाया जाना चाहिए।

शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं चीन के दावे: जयशंकर

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर बार-बार किए जा रहे दावे को हस्यास्पद करार देते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ड्रैगन को खरी-खरी भी सुना दी। जयशंकर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। इन दिनों जयशंकर तीन दिवसीय सिंगापुर दौरे पर हैं और उन्होंने एक कार्यक्रम में अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने अपने दावे को दोहराया है और यह नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं और अभी भी हास्यास्पद ही बने हुए हैं। एस जयशंकर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के प्रतिष्ठित दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देने पहुंचे थे।

खारिज

8 मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं : विदेश मंत्री एस. जयशंकर

इसके बाद उन्होंने सवालों के जवाब में चीन को लेकर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है, जो होने वाली सीमा चर्चा का हिस्सा होगा।"

केजरीवाल मामले में जर्मनी की टिप्पणी पर भारत ने जताया एतराज

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जर्मन विदेश मंत्रालय की ओर से की गई टिप्पणी पर भारत ने कड़ा एतराज जताया है। केन्द्र सरकार ने शनिवार को जर्मन दूतावास के उप प्रमुख को तलब किया और मामले को भारत का आंतरिक मुद्दा बताते हुए टिप्पणी पर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को जर्मन विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करते हुए कहा था, "भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हम उम्मीद करते हैं कि न्यायापालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा।"

भारी पड़ी टिप्पणी

8 "न्यायापालिका की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा"

भारत ने दिया जवाब: अब इस टिप्पणी पर भारत की ओर से जवाब आया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 'नई दिल्ली के जर्मन दूतावास के उप प्रमुख को तलब कर उनके सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया गया और बताया गया कि ऐसी टिप्पणी को भारत, न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के रूप में देखता है।' हमारे आंतरिक मामलों पर उनके विदेश कार्यालय प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया।

केजरवील पर भाजपा ने विपक्ष से पूछे तीखे सवाल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली शराब घोटाला केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद देश की राजनीति में उबाल आ गया है। केजरीवाल की कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड में भेज दिया गया है।

कोर्ट द्वारा बनाए गए नियमों के आधार पर अब ईडी केजरीवाल से पूछताछ कर रही है। सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद समूचा विपक्ष एकजुट हो गया है। आईएनडीआईए के नेताओं ने शुक्रवार को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ में दोनों आयुक्तों से मुलाकात की। विपक्षी नेताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज चुनाव आयोग से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

जो केजरीवाल को 'भ्रष्ट नेता' कहते थे अब उनके साथ खड़े: इस बीच भाजपा ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके एकजुट हुए विपक्ष को पर कटाक्ष किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि विपक्षी गुट के कई नेता जो उन्हें 'भ्रष्ट नेता' कहते थे अब उनके साथ खड़े हैं। कांग्रेस नेताओं द्वारा दिल्ली शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी और केजरीवाल की तीखी आलोचना को याद दिलाया।



सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं

हरी किशन जिंदल
पूर्व जिला अध्यक्ष, आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
MPW
मोहन लाल पेठे वाले

मोहन लाल पेठे वाले
नितिन गोयल
9891971630
कार्यालय सचिव, जिला केशवपुरम भाजपा दिल्ली प्रदेश

I-28, महेन्द्रा पार्क, आदर्श नगर, दिल्ली-110033

सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं



कृष्ण बंसल
प्रधान : अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट (पंजी.) नरेला
प्रधान : नरेला अनाज मंडी (व्यापार मंडल)
वरिष्ठ उपप्रधान : Federation of all India व्यापार मंडल (पंजी.) दिल्ली

BANSAL GROUP
सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं

हेमराज बंसल
चेयरमैन
प्रधान, आर्य समाज नरेला

मनोज बंसल

तरुण बंसल

तरुण बंसल

BANSAL GARMENTS
147, MAIN BAZAR, NARELA, DELHI
Contact: 9810214612

BANSAL GARMENTS
145, MAIN BAZAR, NARELA, DELHI
Contact: 9899984599

राजेश बंसल

पियूष बंसल

राकेश बंसल

चिराग बंसल

BANSAL KITCHEN CARE
3E, ALIPUR ROAD, NEAR BTW,
Contact: 9811311355

BANSAL TEXTILES
166/1, MAIN, NEAR DELHI
Contact: 9958673226, 9971652242

कलसाना स्कूल में शहीदी दिवस पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने विशाल रक्तदान शिविर का किया आयोजन

शहीदों की बदौलत हम खुली हवा में ले रहे हैं सांस : कंवलजीत कौर

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलसाना मे शहीदी दिवस पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर मे जिला परिषद अध्यक्ष कुरुक्षेत्र कंवलजीत कौर ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के चेयरमैन नरेश मित्तल व जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की। उन्होने बताया की सेवा ट्रस्ट यूके भारत की तरफ से शहीदी दिवस पर शहीदो की याद मे गाँव कलसाना में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो की एक बहुत ही नेक कार्य है। रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग पर भी पॉजीटिव असर पड़ता है। ब्लड डोनेशन से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे

होते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने सबसे पहले शहीदो के चित्र पर पुष्प अर्पित किए ओर उनकी कुबार्नी को याद किया की आज हम शहीदो की वजह से आजाद भारत मे सांस ले रहे है । उन्होने उपस्थित युवाओं को आह्वान किया कि युवाओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए ।हर 18 वर्ष से 65 वर्ष की आयु के व्यक्ति तीन महीने बाद रक्तदान कर सकते हैं, इस से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। जरूरत पडने पर रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है उसको नया जीवनदान दे सकता है इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए ।आज जो यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है उसके लिए सेवा ट्रस्ट यूके भारत संस्था व मास्टर गंगाधर शर्मा ,जसबीर राणा की टीम एक बार फिर बधाई के पात्र है जो सामाजिक कार्यो मे बढ़ चढ़कर भाग लेते है। जिला परिषद सदस्य रमेश पाल व ब्लॉक समिति सदस्य सुमीत नरवाल ने कहा की दुनिया मे रक्त का कोई विकल्प नही है। रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है ।रक्त की कमी न रहे इसके लिए हमे समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। प्रधानाचार्य वीरेंद्र शर्मा, पूजा सैनी, विजय पघाल ने मौजूद सभी रक्त दाताओं का धन्यवाद

शिविर

8 शहीदी दिवस पर शहीदो की याद मे गाँव कलसाना में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है

किया ओर संस्था की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को रियल जूस गिफ्ट पैक भेंट किए गए ओर कहा की आगे भी संस्था ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी ।शिविर में कुल 90 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ ।इस अवसर पर स्टेट कोऑर्डिनेटर पवन पराशर , पूर्व सरपंच विष्णु भगवान गुप्ता, मास्टर अशोक कश्यप, माम चन्द झारोली, मास्टर नरेंद्र कलसाना, राकेश कलसाना, रविंदर सैनी,दीपक अनेजा, नरेंद्र शर्मा, अमित प्रधान व समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

फर्स्टक्राइ इन टेलिटोटस प्रीस्कूल व डे केयर, ज्योति नगर में छोटे बच्चों ने खेली फूलों की होली

तारीफ

8 छोटे-छोटे बच्चों व उनके माता-पिता व अभिभावकों ने भी भाग लिया व स्कूल की सुविधाओ की जमकर तारीफ की

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र के ज्योति नगर में स्थित फर्स्ट कराई स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने फूलों से होली खेली। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों व उनके माता-पिता व अभिभावकों ने भी भाग लिया व स्कूल की सुविधाओ की जमकर तारीफ की। प्रीस्कूल व डे केयर की संचालक श्रीमती स्वीटी कौशिक ने बताया अभी 6 दिन पहले 17 मार्च को प्रीस्कूल व डे केयर का उदघाटन माननीय शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री सुभाष सुधा जी द्वारा किया गया था। उसी दिन से अभिभावक गण छोटे बच्चों के दाखिले हेतु स्कूल को प्रथम प्राथमिकता दे रहे हैं ।प्रीस्कूल की आधुनिक

सुविधाएं, डे केयर की सुविधा, बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए वांछनीय माहौल बच्चों के शारीरिक विकास के लिए साफ, स्वच्छ व खुला वातावरण कुरुक्षेत्र में छोटे-छोटे बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों को बहुत आकर्षित कर रहा है। माता-पिता व अभिभावकों की पहली पसंद बन रहा है फर्स्टक्राय इनटैलीटाटस प्रीस्कूल।

माता-पिता का अभिभावको का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकगण ऐडमिशन काउंसलर सिमरन, मदर टीचर कार्निका तनेजा व कविता ,शिवानी ,निशा आदि मौजूद रहे।

अर्ध सैनिक बल के जवानों ने विवेकानंद कालोनी में मनाया शहीदी दिवस

याद किया

8 जो कौमें अपने शहीदों को याद नहीं रखती वह जल्दी ही समाप्त हो जाया करती हैं

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : सेंट्रल पैरामिलेट्री पुलिस फोर्स पर्सनल संगठन और अर्द्ध सैनिक बल के जवानों ने कुरुक्षेत्र की विवेकानंद कॉलोनी में शहीदी दिवस पर 2 मिनट का मौन रखकर पूरी श्रद्धा के साथ मनाया। शहीदी दिवस कार्यक्रम में हरियाणा डायरी एवं पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। गांव कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। शहीदी दिवस कार्यक्रम

में सर्वप्रथम शहीदों के चित्र पर सभी ने पुष्पअर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि जो कौमें अपने शहीदों को याद नहीं रखती वह जल्दी ही समाप्त हो जाया करती हैं ।आज हम शहीदों की बदौलत ही खुली हवा में सांस ले रहे हैं।कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि सभी ने भगत सिंह, राजगुरु ,सुखदेव ,चंद्रशेखर आजाद इत्यादि शहीदों से राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा लेनी चाहिए। सेंट्रल पैरामिलिट्री पुलिस फोर्स पर्सनल संगठन और अर्धसैनिक बल के प्रधान सरदार गुरदेव सिंह सैनी ने कहा की राष्ट्र हमें बहुत कुछ देता है इसलिए हम सब भी अपने राष्ट्र के प्रति शहीदों की भांति अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार रहें। शहीदी कार्यक्रम में गुरदयाल सिंह इंस्पेक्टर ,सतबीर सिंह सब इंस्पेक्टर आइटीबीपी, एएसआई रोशन लाल, हवलदार महेंद्र सिंह बीएसएफ ,हवलदार अमर सिंह सीआरपीएफ , कुलदीप सिंह सैनी आदि उपस्थित थे ।

बस चलाते समय चालक नहीं सुनेगा फोन

चंडीगढ़: हरियाणा के परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल विभाग आवंटित होने के कुछ घंटे बाद ही एक्शन में आ गए। असीम गोयल शनिवार को अंबाला शहर से हरियाणा रोडवेज की बस में सवार होकर चंडीगढ़ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे। बस में सफर के दौरान परिवहन मंत्री ने रोडवेज को बेहतर बनाने के लिए यात्रियों से फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि बस चलाने के दौरान चालक फोन नहीं सुनेगा। चालक द्वारा फोन परिचालक को दिया जाएगा। बस चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। परिवहन मंत्री ने फर्स्ट एड बॉक्स को भी जांचा। सफर के दौरान परिवहन मंत्री ने यात्रियों से बातचीत की और रोडवेज को बेहतर बनाने की फीडबैक ली। यात्रियों ने सुझाव दिया कि बसों की संख्या बढ़ाई जाए और निर्धारित स्थानों पर बसों का ठहराव अनिवार्य हो।

शहीदों के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उनकी वीरता को किया नमन

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: शहीद भगत सिंह राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस पर किड्जी,किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ, एकेडमिक इंचार्ज मेघा धमीजा, पी आर ओ कुमारी रुचिका कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा ज्योति खनेजा, पूजा मैम द्वारा शहीदों के स्मारक पर पुष्प अर्पित करके उनकी वीरता को नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने कहा कि देश के इतिहास में आज का दिन बेहद अहम है। आज शहीदों के सम्मान और उनके बलिदान की याद में शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। सन 1931 में आज ही के दिन अंग्रेजों ने भारत के युवा स्वतंत्रता सैनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर लटकाया था।

आजादी की लड़ाई में हंसते-हंसते अपनी जान कुर्बान करने वाले अमर शहीदों की श्रद्धांजलि में यह दिन मनाया जाता है।झुक कर सलाम करें उनको, जिनके हिस्से में यह मुकाम आता है। खुश नसीब होता है वह खून, जो देश के काम आता है।

संक्षिप्त खबरें

हिसार : बस की भीड़ बनी छात्र की मौत का कारण

हिसार: निकटवर्ती गांव न्योली कलां से रोडवेज बस में हिसार आ रहे युवक की बस से गिरने की वजह से मौत हो गई। मृतक छात्र सिरसा पोलिटेक्निक का छात्र था और होली पर घर आया हुआ था। बस में भीड़ होने के कारण वह बस की पिछली खिड़की पर खड़ा था। इस दौरान रोडवेज बस तूड़ी से भरी ट्रेक्टर ट्राली को क्रॉस करते समय उससे भिड़ गई और छात्र नीचे गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल लगभग 25 वर्षीय अमित को हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हादसे में मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में गांव के सुमित ने आजाद नगर पुलिस को दी शिकायत में शनिवार को कहा है कि सुमित ने बताया कि वह गांव न्योली कलां का रहने वाला है। वह सुबह गांव के बस स्टेंड पर खड़ा था। वह और गांव का ही लड़का अमित दोनों रोडवेज बस में सवार होकर हिसार आ रहे थे। वह बस के अन्दर खड़ा था जबकि अमित बस की पिछली खिडकी में खडा था। बस में भीड़ थी लेकिन बस चालक बस को बहुत तेज गति से चला रहा था। शिकायकर्ता ने बताया कि लगभग 10 बजे बस नजदीक हाइवे रोड पुल के नजदीक पहुंची तो बस के आगे एक ट्रेक्टर ट्राली तुड़ी से भरी जा रही थी। बस चालक ने अपनी बस को तेज रफ्तार से चला कर ट्रेक्टर ट्राली को क्रॉस करने लगा तो बस ट्रेक्टर ट्राली से टच हो गई ।जिस कारण अमित बस से नीचे गिर गया और अमित को सिर, गर्दन, छाती कमर, शरीर पर काफी चोटें आई। घायल अमित को सरकारी अस्पताल हिसार दाखिल करवाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

होली पर कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी

चंडीगढ़: हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने होली के अवसर पर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इन निदेशों में आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है ताकि लोग शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण तरीके से होली के पावन पर्व का आनंद ले सकें। डीजीपी ने धार्मिक स्थलों पर रंग फेंकने, शराब पीने के बाद दुर्व्यवहार करने, छेड़छाड़ करने, जबरदस्ती डोनेशन लेने और ध्वनि प्रदूषण जैसी संभावित समस्याओं को देखते हुए दिशा-निर्देश जारी किए हैं शनिवार को जारी निदेशों में पुलिस महानिदेशक ने कहा कि होली के अवसर पर प्रदेश में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने वाली इकाइयां अलर्ट पर रहेंगी। हुड़दंगबाजी को रोकने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की पैदल और मोबाइल गश्त बढ़ाई जाएगी। इस दौरान प्रदेश में सभी जिलों में स्थापित किए गए पुलिस नियंत्रण कक्ष भी अलर्ट पर रहेंगे। सार्वजनिक रूप से शराब पीने और नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली के कार्यक्रमों और जुलूसों के आयोजकों को लाउडस्पीकर के माध्यम से अश्लील या उत्तेजक गीत/नारे बजाने के खिलाफ चेतावनी दी गई है। किसी भी भड़काऊ या आपत्तिजनक कंटेंट की पहचान करने और उसे हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मैसेजिंग ऐप की बारीकी से निगरानी की जाएगी।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि उत्सव के दौरान छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए समर्पित प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान विशेष रूप से महिलाओं तथा लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इससे सभी के लिए अधिक समावेशी और आनंददायक माहौल बनेगा। धार्मिक स्थलों तथा मिश्रित आबादी वाले स्थानों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

जन सहयोग संस्था ने लंगर लगा कर मनाया होली पर्व

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : शहर की सुप्रसिद्ध संस्था जन सहयोग ने कुरुक्षेत्र ने नागरिक हॉस्पिटल में मरीजों व उनके सहायकों के लिए भंडारा लगा कर व हल्दी चंदन का तिलक लगा कर होली का पर्व मनाया। संस्था संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि संस्था समय समय पर ऐसी सेवाएं हॉस्पिटल और झुग्गी झोपड़ियों में चलाती रहती है ताकि जरूरतमंद लोगों को खाना मिल सके। संस्था प्रधान श्रवण कुमार व अंगुरीलाल ने बताया कि हॉस्पिटल में लंगर की सेवा की सबसे ज्यादा जरूरत रहती है इसलिए हम मिल कर लंगर सेवा हॉस्पिटल में लगाते है। गगनदीप ने बताया कि कोई भी व्यक्ति संस्था की इस मुहिम से जुड़ कर सेवा कार्यो में सहयोग कर सकता है।

संस्था के सभी सदस्य इस सेवा में मौजूद रहे है व मरीजो व हॉस्पिटल स्टाफ को तिलक लगा कर इस पावन पर्व को मनाया।

सेवा कार्य

8 ऐसी सेवाएं हॉस्पिटल और झुग्गी झोपड़ियों में चलाती रहती है ताकि जरूरतमंद लोगों को खाना मिल सके।

ईडी का पूरा सहयोग किया और ईडी की टीम अपनी जांच पूरी करके दिल्ली के लिए रवाना भी हो गईः सदीप गर्ग

जो उनके द्वारा रसोइयां चलाई जा रही है, वह आगे भी निरंतर चलती रहेगी, चाहे भले ही मैं रहूं या न रहूं

साधा निशान

8 वह पिछले लगभग 9 साल से लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने पर लगे हुए हैं और आगे भी निरंतर जारी रहेगी

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र/लाडवा : भारतीय जानता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शनिवार को लाडवा अनाजमंडी में स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से वातार्लाप करते हुए कहा कि यह ईडी वाला काम जो उनके साथ हुआ है वह उनकी बढ़ती लोकप्रियता को लेकर विरोधियों द्वारा करवाया गया है। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उन्होंने कोई गुनाह नहीं किया है और वह एक बिजनेसमैन है और बिजनेसमैन के कारण उन पर इस प्रकार जाँच का कार्य उनके विरोधियों द्वारा

करवाया गया है। जिसको लेकर जाँच के दौरान उन्होंने ईडी का पूरा सहयोग किया और ईडी की टीम अपनी जांच पूरी करके दिल्ली के लिए रवाना भी हो गई है। जो व्यक्ति सच्चा होता है उसके साथ परमात्मा होता है। उन्होंने कहा कि वह पिछले लगभग 9 साल से लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने पर लगे हुए हैं और आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जो उनके द्वारा रसोइयां चलाई जा रही है, वह आगे भी निरंतर चलती रहेगी, चाहे भले ही मैं रहूं या न रहूं। वहीं उन्होंने भाजपा सरकार का गुणगान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार एक ऐसी सरकार है, जो सभी के हितों में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दिन-रात आगे बढ़ रहा है और इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा की 400 से भी अधिक सीटें आएगी और पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा ने उनपर कोई जिम्मेवारी सौंपी तो वह उसे बाखूबी निभाने का काम करेंगे, उन्हें पद की लालसा नहीं है, पार्टी जो जिम्मेदारी लगाएगी उसपर खरा उतरने का काम करेंगे। वहीं इससे पूर्व उन्होंने लाडवा स्थित कार्यालय में अपने समर्थकों से मुलाकात की। मौके पर घनश्याम कंबोज, राजू खुराना, सुरेन्द्र गुप्ता, रणजीत नैन, मनोज धवन, अनुज बहलोलपुर, सरपंच सोहन, महात्मा गुरपाल दास, गोपी चंद, विजय वधावन, अनुज गर्ग, डिम्पी, आजाद शर्मा, प्यारा सिंह, देवेन्द्र शर्मा, देवराज राजू, राजकुमार, अश्वनी चोपड़ा, लवली, सोहन कुमार, महेश गर्ग, अंकित, पवन कुमार, विक्रम सिंह, गौरव कश्यप आदि मौजूद थे।

कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

कमाल हुसैन

पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने गांव नांगलखेड़ी में अपने सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन सुबह "विकसित भारत@2047: युवाओं की आवाज" विषय पर कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्रों ने आग का उपयोग किए बिना सैंडविच, भेलपुरी, दहीभल्ले, नारियल के लड्डू, खजूर के लड्डू, ठंडाई और फ्रूट क्रीम जैसे विभिन्न व्यंजन बनाए। हिमांशी व सिमरजीत प्रथम, आयुषी व दिव्या दूसरे तथा सिमरन व अनुज तीसरे स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार अंकिता, शिफाली, मुस्त्री बानो, किरन

और विशाल को दिया गया।

प्रतियोगिता के बाद, मुख्य वक्ता के रूप में रेड क्रॉस से डॉ. पूजा सिंघल की अध्यक्षता में एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. सिंघल ने छात्रों को एनीमिया के लक्षण, कारण और रोकथाम के साथ-साथ थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया के बारे में शिक्षित किया।

उन्होंने हरी सब्जियां, पीले फल, दूध और डेयरी उत्पादों जैसे आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन के महत्व पर जोर दिया। डॉ. सिंघल ने विभिन्न पेट के कीड़ों की उपस्थिति और उपभोग से पहले सब्जियों को अच्छी तरह से धोने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। एनएसएस अधिकारी विवेक गुप्ता एवं डॉ. मनीषा डुडेजा ने डॉ. सिंघल का आभार व्यक्त किया।

ब्रेकथ्रू फाउंडेशन के प्रदीप और कुलदीप ने लैंगिक समानता की वकालत करते हुए सायंकालीन सत्र में भाग लिया। उन्होंने लिंग के बीच सामाजिक भेदभाव पर प्रकाश डाला और छात्रों को पारंपरिक मान्यताओं को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित किया। नैंसी और हर्ष द्वारा सुनाई गई कविताओं के माध्यम से शहीदी दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि देने के साथ सायंकालीन सत्र का समापन हुआ।

प्रतियोगिता

8 हरी सब्जियां, पीले फल, दूध और डेयरी उत्पादों जैसे आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन के महत्व पर जोर दिया

राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्रालय का संभाला पदभार

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : थानेसर विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्री सुभाष सुधा को अर्बन लोकल बॉडीज विभाग का राज्य मंत्री बनाया गया है। आज चंडीगढ़ सचिवालय में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राज्यमंत्री को उनके विभाग की जिम्मेवारी सौंपी और कुर्सी पर बिठाया। इस दौरान प्रदेश के सभी कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री भी साथ मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा अपने परिवार के सदस्यों के साथ मंत्रालय में पहुंचे थे।हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री श्री सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि

सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग की जो जिम्मेवारी सौंपी है, वे इस जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी, सच्ची निष्ठा से पूरा करेंगे और सरकार की नीतियों के अनुसार विभाग का कार्य करेंगे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि शहरी निकाय विभाग की जितनी भी योजनाएं है, उनको निर्धारित समयावधि के अंदर पूरा करेंगे। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति के साथ पूरा करवाएंगे। जो भी लंबित परियोजना होगी, उसे जल्द से जल्द पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनावों के बाद विभाग तेज गति के साथ विकास कार्य को पूरा करवाऐगा।

गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे केजरीवाल

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी और छह दिन की रिमांड को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को रात करीब 9 बजे गिरफ्तार किया था। कल, ट्रायल कोर्ट ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। याचिका में कहा गया है कि गिरफ्तारी और रिमांड अवैध है और इसलिए केजरीवाल तुरंत रिहा होने के हकदार हैं। केजरीवाल ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी। इस पर कोर्ट ने उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध और सुनवाई के इनकार कर दिया है। केजरीवाल को केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया था, जिसके कुछ घंटों बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उन्हें दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण देने के आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने ईडी द्वारा उन्हें जारी किए गए नौ समन को नजरअंदाज कर दिया था। इस मामले में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी आरोपी हैं और फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

अपनी गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने तुरंत अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक तत्काल याचिका दायर की थी। हालांकि इसे वापस ले लिया गया। इसके अलावा, उन्होंने पहले केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा उन्हें जारी किए गए, समन को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था। उन्होंने अंतरिम सुरक्षा की मांग करते हुए एक आवेदन भी दायर किया है। इससे पहले ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ शहर के राउज एवेन्यू कोर्ट में दो आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें उन पर समन का पालन न करने का आरोप लगाया गया था। केजरीवाल ने समन को गैरकानूनी बताते हुए नजरअंदाज कर दिया है।
ईडी ने आरोप लगाया है कि कुछ निजी कंपनियों को थोक व्यापार में 12 प्रतिशत का लाभ देने की साजिश के तहत उत्पाद शुल्क नीति लागू की गई थी, हालांकि मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठकों के मिनटों में ऐसी शर्त का उल्लेख नहीं किया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने यह भी दावा किया है कि थोक विक्रेताओं को असाधारण लाभ मार्जिन देने के लिए विजय नायर और साउथ ग्रुप के साथ अन्य व्यक्तियों द्वारा एक साजिश रची गई थी। ईडी के मुताबिक, नायर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की ओर से काम कर रहे थे।

जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में रिकॉर्ड 73 फीसदी मतदान

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हुए छात्रसंघ चुनाव में बंपर मतदान हुआ। मतदाताओं के जागरूक होने के कारण रिकॉर्ड करीब 73 फीसदी मतदान हुआ। पिछली बार के मुकाबले यह लगभग पांच फीसदी अधिक है। साइंस स्कूल के छात्रों ने मतदान में अधिक रुचि दिखाई। उधर, मतदान के बाद एबीवीपी ने जेएनयू छात्रसंघ चुनाव समिति से मतदान में बैलेट पेपर पर तीन सवाल सार्वजनिक करने की मांग रखी है।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमन्त्रित की जाती है :–

क्र0 सं0	निविदा सं0	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	क्लोजिंग तिथि
01	19232480	[illegible]	287 नग	15-04-24
02	07233466B	सील्ड ग्लास यूनिट फॉर एल एच बी [illegible]	3700 नग	15-04-24
03	77239071 RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर [illegible]	54060 नग	15-04-24
04	77239069 RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर वेरियस टाइप्स ऑफ GFN लाइनर्स	12450930 नग/पेयर/सेट	16-04-24
05	03240060	[illegible]	6543 नग	16-04-24
06	15245064	[illegible] ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोमीटर	01 नग	18-04-24
07	07241079	[illegible]	3883 नग	21-06-24

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 104 / 2023–2024 दिनांक 22.03.2024 918/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

फर्श पर बैठकर लड़कियों ने गुलाल से खेली होली, अंग लगा दे रे...गाने पर किया डांस

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली मेट्रो आए दिन सुर्खियों में रहती है। दिल्ली मेट्रो के वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। ऐसा ही एक ओर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दो लड़कियां मेट्रो की फर्श पर बैठकर एक दूसरे को रंग लगा रही हैं। दिल्ली मेट्रो में होली खेलते हुए लड़कियों के इस वीडियो ने लोगों के बीच बहस छेड़ दी है। अभी तक यह नहीं पता लगाया जा सका है कि वीडियो कब का है और किस मेट्रो लाइन का है। मामले में मेट्रो पुलिस वीडियो के डीपफेक होने का शक जता रही है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच के बाद ही कोई बयान देना संभव होगा।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि दो युवतियां मेट्रो के फर्श पर बैठी हैं और उनके सामने रंग रखा हुआ है।
इसमें से एक ने सफेद सूट पहना हुआ जबकि दूसरी ने साड़ी। दोनों एक-दूसरे को अभद्र ढंग से रंग लगाती नजर आ रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में 2013 में आई रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म रामलीला का गाना अंग लगा दे रे बजाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो को देखकर ऑनलाइन यूजर्स की तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया में युवतियों की हरकतों को अनुचित बताते हुए इसकी निंदा कर रहे हैं।

सोशल मीडिया ने आतिशी मार्लेना को बना दिया 'दिल्ली का मुख्यमंत्री', शपथ भी दिला दी!

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: अरविंद केजरीवाल के शराब घोटाले में जेल जाने के बाद दिल्ली सरकार का कामकाज कैसे चलेगा, इस पर बहस जारी है। केजरीवाल स्वयं जेल में भी मुख्यमंत्री बने रहेंगे, या मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी किसी को सौंपेंगे, इस पर कयासबाजी चल रही है। लेकिन सोशल मीडिया ने दो कदम आगे जाकर आतिशी मार्लेना को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री बना दिया है। एक्स पर चल रही कुछ वायरल पोस्ट के अनुसार, आतिशी मार्लेना को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ भी दिला दी है। मजे की बात यह है कि यह सब स्वयं आतिशी मार्लेना के नाम से बने एक्स हैंडल से किया जा रहा है। हालांकि यह आतिशी मार्लेना के नाम से बना पैरोडी एकाउंट है। दरअसल, अभी आम आदमी पार्टी ने इस बात पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है कि अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा देंगे, या उनके स्थान पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल या कोई दूसरा नेता मुख्यमंत्री बनेगा। आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज और संदीप पाठक ने स्पष्ट कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। वे जेल से ही सरकार चलाएंगे। लेकिन संविधान विशेषज्ञों का कहना है कि इससे उपराज्यपाल को दिल्ली में संवैधानिक संकट बताकर राष्ट्रपति शासन लगाने का अवसर मिल सकता है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि हरदीप सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी बेगाबौन्ड पटरी, हनुमान मंदिर, यमुना बाजार, दिल्ली ने FIR No. 289/2020 U/s 392/411/34 IPC थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त हरदीप सिंह मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त हरदीप सिंह फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है FIR No. 289/2020 U/s 392/411/34 IPC थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त हरदीप सिंह से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 27.04.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मीना चौहान
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–8
DP/3421/N/2024 कमरा नंबर 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

मैदान में कूदीं सुनीता केजरीवाल

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: अरविंद केजरीवाल के शराब घोटाले में जेल जाने के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल मैदान में कूद पड़ी हैं। अरविंद केजरीवाल ने जेल से जनता के लिए अपना संदेश अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के माध्यम से ही सुनाया है। इस संदेश में उन्होंने जल्द जेल से बाहर आने का भरोसा दिखाया है। साथ ही, आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं से दिल्ली सरकार की योजनाओं को आगे चालू रखने की बात भी कही है। लेकिन जिस तरह उन्होंने अपना संदेश देने के लिए, किसी दूसरे नेता की बजाय अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को चुना है, उससे यह संकेत मिल गए हैं कि यदि अरविंद केजरीवाल को जेल जाने के कारण इस्तीफा देना पड़ता है, तो मुख्यमंत्री पद पर सुनीता केजरीवाल ही उनकी पहली पसंद हो सकती हैं। सुनीता केजरीवाल अरविंद केजरीवाल की पहली पसंद क्यों बन रही हैं, इसके कुछ ठोस कारण हो सकते हैं। आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल के जेल जाने की घटना का भावनात्मक लाभ लेना चाहेगी। यदि सुनीता केजरीवाल इस समय जनता के बीच जाती हैं और अपने पति के विषय में बात करती हैं, तो इससे लोगों की सहानुभूति मिल सकती है।

फीस की भंवर में फंसता भविष्य: दिल्ली के स्कूलों में पढ़ाना हुआ और महंगा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली के स्कूलों में एक अप्रैल से शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत होने जा रही है। इस सत्र के लिए भी अभिभावकों का स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना महंगा हो गया है। निजी स्कूलों ने न केवल फीस में 10-15 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है बल्कि यूनिफॉर्म, किताबें व परिवहन शुल्क में बढ़ोतरी उनके बजट को बिगाड़ रहे हैं। स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबों के नाम पर मनमानी रकम वसूल रहे हैं। जबकि निदेशालय के आदेशों के अनुसार स्कूल उन्हें निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लेने के लिए बाध्य नहीं कर सकते हैं। स्कूलों के मनमाने रवैये के कारण अभिभावक बाजार रेट से ज्यादा कीमत देने को मजबूर हैं। फीस और किताबें, यूनिफॉर्म के खर्चे मिलाकर एक बच्चे पर ही अभिभावकों को औसतन 15 हजार से 20 हजार रुपये खर्च करने पड़े हैं। दिल्ली पैरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष अपराजिता गौतम ने बताया कि अभिभावकों से लगातार फीस बढ़ोतरी, निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें, यूनिफॉर्म लेने के लिए स्कूल की ओर से बाध्य किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। वह बताती हैं कि 2019 में कोर्ट का आदेश आया था कि सीबीएसई से संबद्ध स्कूल एनसीईआरटी या एससीईआरटी की किताबें ही पढ़ाएंगे।
जबकि स्कूल प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें लेने के लिए मजबूर करते हैं। एनसीईआरटी की किताबें निजी प्रकाशकों की किताबों की तुलना में सस्ती पड़ती हैं। इतना ही नहीं नोट बुक (कॉपियों) को भी स्कूल से लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है। एक कॉपी का रेट जो बाजार में 30-40 रुपये है उसके लिए स्कूल में 60-80 रुपये तक लिए जा रहे हैं। यूनिफॉर्म भी कई स्कूलों ने बदल दी है। जबकि शिक्षा निदेशालय के दिशा-निर्देशानुसार तीन साल से पहले यूनिफॉर्म में बदलाव नहीं किया जा सकता है।

एक्शन इंडिया
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

एक्शन इंडिया मीडिया हाउस
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

बच्चे दिन में दो बार ब्रश कर रहे हैं या नहीं...एम्स रखेगा नजर

नोएडा: नई दिल्ली। बच्चे दिन में दो बार ब्रश कर रहे हैं या नहीं, इस पर एम्स की नजर रहेगी। एम्स के दंत चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सीडीईआर) ने हेल्दी स्माइल का एडवांस वर्जन लॉन्च किया है। इसमें बच्चे की 15 दिन तक दो बार ब्रश करने की क्रिया अपलोड होगी। अभिभावकों को उसी दिन सुबह और शाम के समय जानकारी देनी होगी। एप पर जानकारी मिलते ही सूचना तुरंत एम्स को पहुंच जाएगी। इस एप का उद्देश्य बच्चों को दो बार ब्रश करने के लिए प्रेरित करना है।
एम्स के दंत रोग विभाग की डॉक्टर कल्पना बंसल ने कहा कि एम्स में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे खराब दांत के साथ आते हैं। इन बच्चों को दो बार ब्रश करवाने के लिए अभिभावकों को तैयार करना होगा। इसे देखते हुए एप अपग्रेड किया गया है। इस एप में कई नए फीचर हैं। बच्चों को आकर्षित करने के लिए कलरफुल और संगीतमय टार्कर दिया गया है।

ऐसे काम करता है एप
एप में 15 दिन का रिकॉर्ड होता है। इसमें दिन में दो बार टिक के निशान को ओके करना होता है। बच्चा जब सुबह और शाम दोनों समय ब्रश करता है तो उसी समय टिक करते ही जानकारी एम्स के पास पहुंच जाती है। इस एप को कोई भी अपने फोन में अपलोड कर सकता है।

40 फीसदी बच्चों में दिक्कत: डॉ. बंसल ने कहा कि ब्रश न करना, खाने-पीने के समय व वस्तु को लेकर लापरवाही के कारण करीब 40 फीसदी छोटे बच्चों के दांत सड़ने लगते हैं। छोटे बच्चों के दांतों में कैविटी या सड़न होने लगती है। ऐसे बच्चों के माता-पिता को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जब बच्चे का पहला दांत निकलता है, तब से अभिभावकों को ब्रश करना शुरू कर देना चाहिए। ऐसे बच्चों के लिए एप में ब्रश करने की पूरी जानकारी है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 25.03.2024 (सोमवार) होली के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जो कि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत हैं, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:–

आंशिक सेवा
(1) आई0आर0सी0ए0 भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में प्रातः कालीन पारी प्रातः 08:00 बजे से 14:00 बजे तक आंशिक सेवायें उपलब्ध रहेंगी, व सायंकालीन पारी (14:00 से 20:00) बजे तक ये कार्यालय यथावत कार्यरत रहेंगे।
प्रातः कालीन पारी में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे (08:00 बजे से 14:00 बजे)
(1) सरोजनी नगर (2) लाजपत नगर (3) ओखला (4) कड़कड़डूमा (5) दिल्ली शाहदरा (6) आदर्श नगर (7) सब्जी मण्डी (8) कीर्ति नगर (9) तुग़लकाबाद (10) शकूरबस्ती (11) रोहिणी (12) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (13) गाजियाबाद एवं (14) नोएडा
उपरोक्त सभी कार्यालय सायंकालीन पारी (14:00 से 20:00 बजे) तक यथावत कार्यरत रहेंगे।
निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे
(1) संसद भवन (2) प्रेस क्लब आफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट (5) आई0 आर0 सी0 ए0 भवन आरक्षण केन्द्र नई दिल्ली में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो।
निम्नलिखित आरक्षण कार्यालय 25.03.2024 (सोमवार) को प्रातः कालीन पारी (08:00 बजे से 14:00 बजे) में दिल्ली मण्डल पर होली के अवसर पर बन्द रहेंगे : आनंद विहार टर्मिनल (पीआरएस), साहिबाबाद, नया गाजियाबाद, गुड़गांव, पालम, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, नरेला, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, मानसा, रोहतक, बहादुर गढ़, नांगलोई, शामली, मुराद नगर, मोदी नगर, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुज़फ्फ़रनगर, खतौली, देवबन्द, बड़ौत, गोहाना, पटौदी रोड, झज्जर, ग्रेटर नोएडा, नोली, साकेत कोर्ट, द्वारका कोर्ट, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी), शकूर बस्ती, समालखा, गन्नौर, शाहाबाद मारकंडा, जाखल, टोहाना, जुलाना, नरवाना, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (एमटीसी) एवं रोहिणी कोर्ट।
नई दिल्ली (पहाड़ गंज और अजमेरी गेट की तरफ), दिल्ली जं., हज़रत निज़ामुद्दीन, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशनों पर वर्तमान आरक्षण कार्यालय हर रोज की तरह सामान्य समयानुसार कार्य करेंगे।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें :-
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
006/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

क्लासीफाइड

टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेंटर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

न्यूज फ्लैश

एक अप्रैल को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले युवा बनवाएं अपना वोटः उत्तम सिंह

राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 का ऐलान हो चुका है। चुनाव में 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार बड़े प्रयास किए जा रहे हैं। एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवा भी अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने के पात्र हैं। नागरिक लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए 25 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि नामांकन की तारीख (29 अप्रैल) से एक दिन पूर्व तक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान किया कि वे सभी तुरंत अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य चैक कर लें, अगर किसी मतदाता का नाम किसी कारणवश सूची से कट गया है तो वह मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए तुरंत वोटर हेल्पलाइन एप या / के माध्यम से या अपने से संबंधित बीएलओ के माध्यम से अपना फार्म नंबर-6 भरकर नई वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि अपने बीएलओ, निकट के चुनाव कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है या फिर वोटर हेल्पलाइन एप पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

विक्टर पब्लिक स्कूल में बेबी शो के दौरान बच्चों के साथ माता-पिता में दिखा उत्साह

कमाल हुसैन

पानीपत.. शनिवार को तहसील कैम्प कृष्ण नगर स्थित विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बेबी शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विनीत गाँधी व स्कूल की मार्गदर्शिका श्रेष्ठा गाँधी रहे। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके सरस्वती माता को नमन किया गया। सीनियर के. जी के नन्हे से विद्यार्थी वंश ने ओ माई फ्रेंड गणेशा पर अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। जूनियर के. जी के विद्यार्थी देव ने किसी डिस्को में जाएँ गाने पर डांस किया। इस शो का आकर्षण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही। बच्चों के माता - पिता ने बच्चों के साथ डांस किया। छोटे -छोटे बच्चों ने रैंप वॉक के माध्यम से सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। नर्सरी कक्षा की प्रियल व चाहत ने बम -बम भोले भक्ति सॉन्ग पर नृत्य किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जूनियर के. जी के विद्यार्थी कुंज ने ' सिस्टम पे सिस्टम हरियाणवी गाने पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। नर्सरी कक्षा की जिया ने मैया यशोदा तेरा कन्हैया भक्ति गीत के माध्यम से श्री कृष्ण की छवि को प्रस्तुत किया। जूनियर के. जी की सान्वी ने लंदन ठुमकदा गाने पर प्रस्तुति से सभी को खड़े होकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रश्नों के सही जवाब देने वाले माता - पिता को भी सम्मानित किया गया। जूनियर विंग प्रिंसिपल शिप्रा गाँधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में उत्साह उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि छोटे -छोटे बच्चों को मंच पर प्रस्तुति देते हुए देखना अपने आप में सुखद है। मंच का संचालन नेहा शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

रेलवे स्टेशन पर राहगिरों को किया साइबर अपराधों के प्रति जागरूक

राहगिरों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके और साईबर अपराध में फंसने पर क्या करना चाहिए, बारे में बताया गया

राजकुमार प्रिंस

करनाल। सुबह जिला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से राहगिरों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके और साईबर अपराध में फंसने पर क्या करना चाहिए, बारे बताया गया।

साइबर क्राइम थाना से वहां पर पहुंचे लवकेश कुमार ने बताया कि यदि आपके साथ कोई साइबर अपराध घटता है तो इस संबंध में तुरंत हैल्पलाईन नंबर 1930 पर काल करें या

नैशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर आनलाइन भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। ऐसा करने से आपका एकाउंट फ्रीज हो जाता है और यदि आपके खाते से कुछ पैसे निकल जाते हैं तो फ्रीज होने पर और कोई प्रक्रिया नहीं होगी। ऐसी स्थिति में संयम बनाए रखें व सूझबूझ से काम करें व अपने साथ घटे अपराध के बारे में तुरंत अपने नजदीकी थाना में भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

उन्होंने रेलवे स्टेशन पर लोगों को बताया कि आज के इस अधुनिक युग में सभी स्मार्ट फोन का प्रयोग कर रहे हैं और यदि आप अपने फोन में कोई नया साफ्टवेयर डाउनलोड करना चाहते हैं तो पहले उसके नीचे दी गई उसकी डिटेल को देखें कि कितने लोगों ने उसे अभी तक डाउनलोड किया है। किसी के साथ भी अपने फोन पर प्राप्त होने वाले ओटीपी को सांझा न करें और न ही किसी अज्ञात नंबर पर अपने पर्सनल डाक्युमेंट सांझा करें।

उन्होंने लोगों को बताया कि बैंक कर्मी बनकर फोन करने वालों के साथ अपनी पर्सनल जानकारी सांझा करने से बचें, यदि बैंक से संबंधित कोई समस्या है तो अपने बैंक में जाकर बताएं या अपने बैंककर्मी का पर्सनल नंबर रखें व बात करें और किसी प्रकार के लालच में न आए जैसे आनलाइन माध्यम से कोई महंगी चीज आपको सस्ते में मिलने का प्रलोभन मिल रहा हो। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी फोन काल के माध्यम से कैसे आपको लालच देते हैं, आपको लाटरी का नंबर बता सकता हूं, मैं बैंक से बात कर रहा हूं, आपका कार्ड ब्लाक हो गया है और आपने लाखों रुपए का कांटेस्ट जीता है, जिसमें आपको पहले कुछ रुपए जमा

छात्राओं को महिला विरूद्ध अपराधों के प्रति किया जागरूक

राजकुमार प्रिंस

करनाल। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए चलाए गए अभियान के तहत गुरूनानक खालसा कालेज की छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा छात्राओं को बताया गया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आकर पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उन्होंने छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, यौन उत्पीड? रोकथाम निषेध व निवारण तथा महिला सशक्तिकरण बारे विस्तृत जानकारी दी गई। राजेश लता द्वारा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, साईबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 और डायल 112 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि महिलाएं या छात्राएं किसी भी प्रकार के शोषण की अनदेखी न करें, विपरीत परिस्थितियों में तुरंत अपने किसी भी नजदीकी पुलिस स्टेशन में सुचना देकर या महिला हेल्पलाइन 1091 और डायल 112 पर काल करके तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

'उम्मीदवारों के विज्ञापनों, पेड न्यूज व फेक न्यूज पर एमसीएमसी की रहेगी पैनी नजर'

राजकुमार प्रिंस

करनाल। भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के लिए राजनैतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के राजनैतिक विज्ञापनों,

पेड न्यूज व फेक न्यूज पर पैनी नजर रखने व सर्टिफिकेशन अनुमति प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि यह जिला स्तरीय कमेटी किसी भी राजनैतिक पार्टी, उम्मीदवार या किसी अन्य व्यक्ति को विज्ञापनों के संबंध में सर्टिफिकेशन प्रदान करने या अस्वीकार करने के संबंध में की गई अपील पर निर्णय लेगी। ऐसी अपीलों पर निर्णय केवल जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा ही लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार पेड न्यूज के विरुद्ध की गई अपील के संबंध में जिला स्तर पर गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी स्वतः निर्णय लेगी और उम्मीदवार को नोटिस जारी करने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश जारी करेगी।

किसानों ने शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि समारोह बनाया

मनीष कुमार

अम्बालाः किसान आंदोलन को चलते हुए आज 40वां दिन है। इसके साथ ही किसानों ने शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया। इस समारोह में हरियाणा पंजाब के किसानों ने स्वतंत्रता सैनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की याद में शहीदी दिवस मनाया गया। इसके साथ ही किसान आंदोलन में अब तक शहीद हुए किसानों को याद करते हुए शुभकरण को श्रद्धांजलि दी।

जिसमें अंतरराष्ट्रीय पहलवान बजरंग पूनिया समेत अन्य किसान नेता ने शिरकत की। इस दौरान शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी जाएगी। एक दिन पहले 22 मार्च को हिसार में शहीद समागम हुआ।

ट्राली चोर गिरोह को पुलिस ने किया काबू

चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया

राजकुमार प्रिंस

करनाल। एंटी आटो थैफ्ट टीम ने खेतों या सुनसान स्थानों से ट्राली चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई तीन ट्रालियां और वारदात में प्रयोग ट्रैक्टर को बरामद किया है।

डीएसपी सिटी बीर सिंह ने बताया कि पिछले कुछ समय में ट्रालीयां चोरी की कई वारदातें सामने आई थी, जिनके संबंध में शिकायतकताओं से शिकायत प्राप्त कर जिला के अलग-अलग थानों मुनक, निसिंग, सदर व थाना सफीदों जिला जींद में मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर योजनाबद्व तरीके से कार्य करते हुए बीती शामचोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों सोनू पुत्र जगदीश वासी नरूखेड़ी हाल कैमला, थाना घरौंडा, जिला करनाल और रितिक कश्यप पुत्र सतीश कश्यप वासी तबरकपूर, थाना तितरो, जिला सहारनपूर यूपी को लालूपूरा गांव के क्षेत्र में यमुना बांध से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने वाहन चोरी की कई वारदातों का खुलासा किया और उनसे पूछताछ के आधार पर ही उनके कब्जे से पुलिस टीम द्वारा चोरी की वारदात में प्रयोग किया गया एक ट्रैक्टर व तीन ट्रालीयां बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा और भी कई वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा किया गया है, जिनके संबंध में दोनों आरोपियों को अदालत के सामने पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा और फिर आगामी पूछताछ के आधार पर अन्य मामलों में भी बरामदगी की जाएगी।

होली पर्व को लेकर अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुरक्षा के करें पुख्ता प्रबंध : सहारन

आदर्श आचार संहिता का पालन दृढ़ता से करने के दिए आदेशआदर्श आचार संहिता का पालन दृढ़ता से करने के दिए आदेश

राजकुमार प्रिंस

करनाल। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन द्वारा अपने कार्यालय के सभागार में अपराधिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उन्होंनें सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रबंधकों को आदेश दिए कि लोकसभा चुनावों के दौरान सभी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करे। लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष ढ़ंग से करवाने के लिए सभी पुलिसकर्मी ओर अधिक सक्रियता और सतर्कता के साथ अपना कार्य करें।

उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी करने

वालों या सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों, अवैध हथियार रखने वालों, भारी मात्रा में कैश लेकर चलने वालों और मादक पदार्थों का सेवन करने वालों या बेचने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाकर ऐसे लोगों की तलाशकर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने का कार्य करें। सभी पुलिसकर्मी सेवा, सुरक्षा और सहयोग की भावना को मन से धारण कर अपने कर्तव्य का पालन करें।

चर्चा

कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करे: दीपक सहारन

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आने वाले होली के त्यौहार को लेकर सभी अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करें। अपने थाना क्षेत्र में गस्त बढ़ाकर आवश्यक स्थानों पर थाना स्तर पर नाकाबंदी करें। त्यौहार की आड़ में शराब पीकर वाहन चलाने वालों व हुड़दंगबाजी करके त्यौहारों के वातावरण को बिगाड? वालों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आमजन को पुलिस से बहुत उम्मीदें होती हैं और पुलिस के कारण ही वे स्वयं को सुरक्षित महसुस करते हैं, इसलिए होली के पर्व पर सभी अपने अधीन तैनात कर्मचारियों को सच्ची निष्ठा और मेहनत से करने के लिए प्ररित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी राजपत्रित अधिकारी, प्रबंधक थाना और इन्चार्ज चौंकी अपने अधीन तैनात अनुसंधान अधिकारियों को अनुसंधान के कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए गएं, ताकि समय रहते पीड़ितों को न्याय मिल सके।

80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्रों पर की विशेष व्यवस्थाएं : उत्तम

मतदाता

करनाल जिला में 31211 ऐसे मतदाता हैं जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक हैं, जिनमें 13539 पुरूष व 17672 महिलाएं तथा 10585 दिव्यांग मतदाता हैं

राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए भारत चुनाव आयोग की ओर से दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहें। उपायुक्त ने बताया कि करनाल जिला में 31211 ऐसे मतदाता हैं जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक हैं, जिनमें 13539 पुरूष व 17672 महिलाएं तथा 10585 दिव्यांग मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि इन श्रेणियों के मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशन पर रैंप, व्हील चेयर, लाने व ले जाने की व्यवस्था, मेडिकल किट आदि की व्यवस्था करने के साथ-साथ एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवकों को उनकी सहायता के लिए तैनात किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भारत चुनाव आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनावों से सम्बन्धित जानकारी के लिए 'सक्षम एपइ भी बनाया है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग तथा अध्यापक बच्चों को चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित जानकारी दें और उन्हें अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहें।

लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोडने के लिए करवाएं माइक्रोडोनेशन : योगेंद्र राणा

राजकुमार प्रिंस

करनाल। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने वीसी के माध्यम से संगठनात्मक विषयों को लेकर कार्यकताओं की बैठक ली। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला प्रभारी, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिला मोर्चा अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बैठक में उपस्थित सभी को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी आमजन को पार्टी की विचारधारा से जोडने के लिए अधिक से अधिक संख्या में माइक्रोडोनेशन करवाएं। उन्होंने कहा कि माइक्रोडोनेशन का उद्देश्य महज चंदा इक्ठा करना नहीं, अपितु ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोडना है।

इस संगठनात्मक बैठक में पार्टी द्वारा करवाए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि देश में चुनावों का बिगुल बज चुका है और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करने के लिए सभी कार्यकर्ता, जिनकी शक्ति केन्द्रों पर डयूटी लगी है, वह अपने अपने शक्ति केंद्र में प्रवास करें और वहां जाकर लोगों से मिलकर उन्हें केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याण की योजनाओं की जानकारी दें, ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। इसके अलावा उन्होंने सभी कार्यकताओं से अनुरोध किया कि सभी अपने-अपने बूथों पर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों को भी मिलने का काम करें।

योग संपूर्ण शरीर के लिए है फायदेमंद : दिनेश

राजकुमार प्रिंस

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व आज का विशेष सत्र फव्वारा पार्क सेक्टर 12 से आयोजित किया गया, जिसमें नोडल अधिकारी आयुष विभाग से डा. अमित पुंज अंगिरस ने शिरकत की।

सत्र की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम से दिनेश गुलाटी और योग शिक्षिका वीना धीर द्वारा की गई। आसन सत्र का शानदार अभ्यास करवाया गया। डा. अमित पुंज ने खान-पान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधा किलो

फल और आधा किलो सलाद प्रतिदिन खाने की आदत डालें, जो मौसम के अनुसार हो, यानि मौसमी हो। दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग संपूर्ण शरीर के लिए फायदेमंद है। वैसे तो कई तरह के योगासन है, जो अलग-अलग तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं में असरदार होते हैं, लेकिन कुछ योगासन ऐसे हैं, जो आपको मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हैं। साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं। इन्ही योगासनों में शामिल हैं, अनुलोम विलोम प्राणायाम शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस प्राणायाम के नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है, हृदय रोग, गठिया, उच्च रक्तचाप, निम्न रक्तचाप, माइग्रेन और बहुत सारी बीमारियों को ठीक किया जा सकता है, यदि इसका नित्य प्रति अभ्यास किया जाए और सही तरीके से किया जाए।

इस अवसर पर योग शिक्षिका वीना धीर के साथ साधकों में रिंकी जैन, निर्मला, रमा चौटानी, पूजा कथूरिया, रजनी, रितु, अनुज जैन, अजय कंबोज, मेहर सिंह विक्की और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

कार में रखा पांच लाख से भरा बैग लेकर व्यक्ति हुआ फरार

बैग में था ब्लैंक चेक और जरुरी दस्तावेज, वारदात सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

राजकुमार प्रिंस

करनाल। मंगल कॉलोनी में कार में रखा 5 लाख रूपए व प्रोपर्टी के कागजातों से भरे बैग को उठाकर एक व्यक्ति फरार हो गया। बैग में रुपयों के साथ ही साइन किया हुआ चेक भी रखा हुआ था। मामला सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुआ है। सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल की मंगल कॉलोनी निवासी संत कुमार पुत्र हरिकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके रिश्तेदार अमित

कुमार का रणदीप राणा, रणदीप की पत्नी मीरा, अशोक राणा और रणदीप के रिश्तेदार का जमीनी विवाद चला हुआ है। अमित कुमार की प्रॉपर्टी के असली कागज, बलैंक चेक और पांच लाख रुपए नकद मेरे पास थे। यह नकदी और चेक एक बैग में रखे गए थे। शिकायतकर्ता ने बताया है कि 18 मार्च को वह, अमित,

जांच शुरू

बैग में रुपयों के साथ ही साइन किया हुआ चेक भी रखा हुआ था। मामला सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुआ है

उसकी पत्नी व बच्चे के साथ कौल गांव से अपने घर मंगल कालोनी में पहुंचा था। यहां उसने अपने घर के बाहर कार रोक दी। इसी दौरान हम कार से उतरे तो रणदीप राणा ने कार से कागजों व पैसों का बैग उठाया और अपनी स्कूटी की दिग्गी में रखा और दिग्गी को लॉक कर दिया। आरोप है कि ऐसा करने से मना करने पर संत कुमार के साथ मारपीट की और अपनी स्कूटी लेकर भाग गया। आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देकर गया है।

शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसने तुरंत पुलिस को फोन किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच अधिकारी बहादुर सिंह ने बताया कि बैग छीनने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

चुनाव आचार संहिता की पालना पर निगरानी रखेंगी एफएसटी टीमें: उत्तम

राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव के दौरान फ्लाईंग स्क्वैड की टीमें आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना पर विशेष निगरानी रखेंगी। इस टीम में शामिल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में यह ध्यान रखेंगे कि कहीं चुनाव आचार संहिता की अवहेलना न हो।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग ने हर एक उम्मीदवार तथा राजनैतिक पार्टियों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की हुई है। जिला निर्वाचन विभाग की ओर से उडनदस्तों का गठन किया गया है। ये टीमें अपने कार्यक्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता पर निगरानी रखेंगी। टीमें यह सुनिश्चत करेंगी कि चुनाव प्रचार के दौरान किसी प्रकार के अनुचित संसाधनों का प्रयोग ना किया जाए। मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं कोई सामग्री बांटी जा रही है तो उस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए अपनी रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को देंगी। इसमें दोषी व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाएगी निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक सी-विजिल मोबाइल एप लांच किया है। किसी नागरिक द्वारा इस मोबाइल एप पर कोई भी फोटो या वीडियो डाल कर चुनाव आचार संहिता की अवहेलना से संबंधित शिकायत की जाती है तो एफएसटी टीम सौ मिनट में मौके पर पहुंच कर उसका निवारण करेगी।

उडनदस्ते

शिकायत की जाती है तो एफएसटी टीम सौ मिनट में मौके पर पहुंच कर उसका निवारण करेगी।

संपादकीय

बुनियादी ढांचे के लाभों का विस्तार

मोदी सरकार ने निश्चित रूप से आवास, शौचालय, बिजली और बैंकिंग जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे के लाभों के कवरेज का विस्तार करने में निवेश किया है, जिसे कुछ लोगों ने 'भारत के दक्षिणपंथ का नया कल्याणवाद' कहा है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इन निवेशों से बाजार में क्रय शक्ति में सुधार हुआ है या नहीं। इसके अलावा, हाल के वर्षों में किसी भी एनएसएसओ उपभोग सर्वेक्षण के अभाव में, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को कम करने में कितनी प्रगति की है। लोकसभा आम चुनाव-2024 की पूर्व संध्या पर, इस सप्ताह हमारे पास दो महत्वपूर्ण समाचार हैं - पहला, भारतीय दुनिया के सबसे दुखी लोगों में से हैं; और दूसरी बात, वायदा किये गये 'अच्छे दिन' केवल देश के शीर्ष 10प्रतिशत लोगों के लिए आये, जो 2022-23 में लगभग 3,758 रुपये प्रतिदिन की औसत आय के साथ राष्ट्रीय आय का 57.7 प्रतिशत कमाने में सक्षम थे, लेकिन निचले 50 प्रतिशत लोग, जो केवल 15 प्रतिशत ही कमा पाये थे, उनकी औसत आय प्रतिदिन 198 रुपये से कम थी।

वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स के अनुसार, भारत ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स में 143 देशों में से 126वें स्थान पर है, जबकि वर्ल्ड इन इक्वलिटी लैब की रिपोर्ट में कहा गया है कि मोदी शासन के तहत भारत में असमानता उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे उभरताऔर विकसित होता हुआ भारत बताते हैं, और 2047 तक विकसित भारत की गारंटी दे रहे हैं, जिनमें उनको भी काफी कुछ मिलेगा जिन्हें अब तक नहीं मिला है। वर्ल्ड इन इक्वलिटी लैब द्वारा प्रकाशित नितिन कुमार भारती, लुकासचांसल, थॉमस पिकेटी और अनमोल सोमांची द्वारा लिखित 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-23' उपशीर्षक 'द राइज ऑफ द बिलियनेयर राज' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच, शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन संकेंद्रण के संदर्भ में स्पष्ट हुई है। रिपोर्ट में पाया गया कि 2022-23 में, मध्य 40 प्रतिशत लोगों की औसत आय केवल 165,273 रुपये प्रति वर्ष (27.3प्रतिशत) थी, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत (57.7प्रतिशत) के लिए यह 13,52,985 रुपये थी। शीर्ष 1 प्रतिशत के लिए 53,00,549 रुपये(22.6प्रतिशत)थी। निचले 50 प्रतिशत की औसत संपत्ति 1,73,184 रुपये (6.4प्रतिशत), मध्य 40फीसदी-9,63,560 रुपये (28.6प्रतिशत), शीर्ष 10 प्रतिशत की औसत संपत्ति 87,70,132 रुपये (65 प्रतिशत) और शीर्ष 1 प्रतिशत की 5,41,41,525 रुपये (40.1 प्रतिशत) थी। ऐसी असमानता कैसे पैदा हुई? रिपोर्ट में इस बात के संकेत मिले हैं कि 'शुद्ध संपत्ति के नजरिये से देखने पर भारतीय आयकर प्रणाली प्रतिगामी हो सकती है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भारत में आर्थिक डेटा की गुणवत्ता काफी खराब है और हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है। 'इसलिए यह संभावना है कि हमारे परिणाम वास्तविक असमानता स्तरों की निचली सीमा का प्रतिनिधित्व करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम असमानता के अध्ययन को बढ़ाने और साक्ष्य-आधारित सार्वजनिक बहस को सक्षम करने के लिए आधिकारिक डेटा तक बेहतर पहुंच और अधिक पारदर्शिता का आह्वान करते हैं।'

आसुरी शक्ति के मिटने का वक्त आ गया?

प्रो. रविकांत

> "मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। लेकिन नरेंद्र मोदी ने बड़ी होशियारी से राहुल गांधी के बयान का भ्रामक प्रचार करते हुए इसे स्त्री शक्ति से जोड़ दिया। 18 मार्च को नरेंद्र मोदी तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के दौरे पर थे। तेलंगाना के जगतियाल में उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि 'उसकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए तो हर मां -बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।' मोदी जब ये बात कह रहे थे तो क्या उनके जेहन में मणिपुर की मां-बेटियां नहीं थीं, जिन्हें नंगा करके सरेआम घुमाया गया था और सामूहिक बलात्कार करके कत्ल कर दिया गया था? क्या मोदी हरियाणा की उन महिला पहलवानों को भूल गए थे जिनका यौन उत्पीड़न करने वाला भाजपा का सांसद आज भी उनकी पार्टी में सुशोभित है?"

राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें एक शक्ति होती है। हिन्दू धर्म के मिथकों में आसुरी शक्ति का वर्णन है, जो अन्याय और अत्याचार करती है। एक ऐसी ही शक्ति नरेंद्र मोदी को चला रही है। मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के बाद 17 मार्च को मुंबई के शिवजी पार्क में कांग्रेस पार्टी की रैली हुई। रैली में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और तेजस्वी यादव जैसे तमाम विपक्ष के नेता एकजुट हुए। राहुल गांधी की यात्रा और देश की सियासत पर बारी-बारी से सबने बात रखी। ऐसे समय में जब विपक्षी नेताओं और लोगों पर सत्ता का बुलडोजर चल रहा है, देश राहुल गांधी की तरफ देख रहा है। जब लोकतंत्र और संविधान की सारी संस्थाएं एक-एक करके ढहाई जा रही हैं, ऐसे में सड़क का संघर्ष ही 'भारत के विचार' की रक्षा कर सकता है। जैसे आजादी के आंदोलन में गांधी, नेहरू, पटेल और अंबेडकर के साथ सड़क पर एकजुट होकर लोगों ने अंग्रेजी सत्ता का मुकाबला किया था, वैसे आज राहुल गांधी की दोनों यात्राओं में लोग निर्भय होकर साथ बढ़ चले। इन यात्राओं ने नफरत और डर से खामोश लबों को अन्याय और अत्याचार की आपबीती कहने-बोलने के लिए प्रेरित किया। राहुल गांधी की खासियत यह है कि वे गांधी परिवार से नेता बने, फिर नेता से लोगों की उम्मीद बने। राहुल गांधी सच की बेखौफ आवाज हैं। शिवजी पार्क की रैली में राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी की असलियत से पर्दा उठा दिया। उन्होंने कहा कि- मोदी सिर्फ एक मुखौटा हैं। महज एक एक्टर हैं। असली शक्ति कहीं और है जो मोदी को संचालित कर रही है। मोदी तो कठपुतली हैं। उस शक्ति के हाथ में मोदी की बागडोर है। यह शक्ति पूंजी की सत्ता है। यह सत्ता अंबानी और अडानी की है। मोदी की जान ईडी, सीबीआई और ईवीएम में है। लेकिन यह ईडी और सीबीआई किसके लिए काम कर रहे हैं? केवल मोदी और बीजेपी के लिए नहीं बल्कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसी का इस्तेमाल अडानी के लिए हो रहा है। सड़क, सुरक्षा, बिजली के संयंत्र से लेकर के कोयले की खदान, रेलवे, एयरपोर्ट और बंदरगाह; सब कुछ अडानी के कब्जे में जा रहे हैं। पूंजी का संकेंद्रण एक-दो हाथों में हो रहा है। ऐसे ही पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपया मोदी सरकार माफ कर देती है। लेकिन किसानों की कर्जमाफी और एमएसपी के लिए सरकार की दलील है कि उसके पास पैसा नहीं है। 5 ट्रिलियन इकॉनामी और विकसित भारत का सपना दिखाने वाली मोदी सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली में असमर्थ क्यों है? देश के नौजवानों के लिए फैलोशिप और नौकरियों के लिए सरकार के पास पैसा क्यों नहीं है? क्या मोदी नौजवानों को अंबानी-अडानी के लिए सस्ते मजदूर बनाना चाहते हैं? और तो और सेना में नौजवानों को अग्निवीर बनाकर चार-पांच साल बाद रिटायर करने की योजना है। क्या अग्निवीर जैसी योजना सरकारी खर्चे पर ट्रेनिंग देकर और रिटायर कर-के नौजवानों को पूंजीपतियों को सस्ते सुरक्षा गार्ड मुहैया कराना है? दुनिया के सबसे बड़े नौजवान देश के लिए नौजवानों को सामाजिक सुरक्षा हासिल नहीं है। ऐसे में देश किसी 'अनरेस्ट' की तरफ बढ़ सकता है। लेकिन आगे का काम मोदी और आरएसएस की जिम्मेदारी पर है। नौजवान विद्रोह ना करें, इसलिए उनकी आंखों में 'सब कुछ चंगासी' वाली छवियां लगातार झोंकते रहना जरूरी है। इन छवियों को प्रसारित करने का काम मीडिया के जिम्मे है। मीडिया उसी पूंजीवादी सत्ता द्वारा संचालित है। नौजवानों को धर्म की अफीम चटाकर और छद्म राष्ट्रवाद का नश्तर देकर उनकी चेतना को सुन्न करने का काम लगातार मीडिया द्वारा किया जाता है ताकि नौजवान अपनी बदहाली और बेरोजगारी को अपनी नियति और देश के लिए कुबार्नी समझकर खामोश बैठे रहें। राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें एक शक्ति होती है। हिन्दू धर्म के मिथकों में आसुरी शक्ति का वर्णन है, जो अन्याय और अत्याचार करती है। एक ऐसी ही शक्ति नरेंद्र मोदी को चला रही है।

मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। लेकिन नरेंद्र मोदी ने बड़ी होशियारी से राहुल गांधी के बयान का भ्रामक प्रचार करते हुए इसे स्त्री शक्ति से जोड़ दिया। 18 मार्च को नरेंद्र मोदी तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के दौरे पर थे। तेलंगाना के जगतियाल में उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि 'उसकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए तो हर मां -बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।' मोदी जब ये बात कह रहे थे तो क्या उनके जेहन में मणिपुर की मां-बेटियां नहीं थीं, जिन्हें नंगा करके सरेआम घुमाया गया था और सामूहिक बलात्कार करके कत्ल कर दिया गया था?

क्या मोदी हरियाणा की उन महिला पहलवानों को भूल गए थे जिनका यौन उत्पीड़न करने वाला भाजपा का सांसद आज भी उनकी पार्टी में सुशोभित है? नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वाले बयान को कांग्रेस और अन्य प्रतिपक्ष ने पूरी तरह से बेपर्दा कर दिया। लेकिन राहुल गांधी ने जिस गंभीर मुद्दे की तरफ इशारा किया था वह मोदी के धर्म के आवरण में कहीं खो गया। असल में, राहुल गांधी ने अपनी दूसरी यात्रा में न्याय शब्द और उसकी अवधारणा को केंद्र में रखा था। वे लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय बहाल करने की बात कर रहे थे।

जब से नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं, अन्याय और अत्याचार बढ़ा है। दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के साथ अपमान और अत्याचार की घटनाएं लगातार जारी हैं। अल्पसंख्यक समाज तो रोजी रोजगार ही नहीं जिंदगी के लिए भी डर में जी रहा है। गरीबों, मजदूरों और किसानों पर आर्थिक अन्याय बढ़ा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। आज किसान सड़क पर आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन सरकार किसानों की एमएसपी की मांग को मानने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि पूंजीवादी शक्ति किसानों को समृद्ध होते हुए नहीं देखना चाहती। पूंजीवादी सत्ता किसानों की जमीन हड़पना चाहती है। इसी शक्ति के इशारे पर किसानों पर लाठियां और आंसू गैस के गोले बरसाए जाते हैं। सड़कों पर कीलें ठोक दी जाती हैं। क्या लोकतंत्र में कोई सरकार इतनी निर्मम हो सकती है? यही आसुरी शक्ति है जो निरीह लोगों का रक्त और बलि मांगती है। लोगों पर जितना जुल्म बढ़ेगा आसुरी शक्ति उतनी ही प्रसन्न होगी।

नरेंद्र मोदी इस शक्ति के लिए लगातार किसानों, मणिपुर के लोगों, महिला पहलवानों, दलित और आदिवासियों के हकों- अधिकारों की बलि दे रहे हैं। मिथकों में लिखा है कि आसुरी शक्ति जितना मजलूमों का रक्त चूसती है, वह उतनी ही ताकतवर होती जाती है। फिर अन्याय और अत्याचार और बढ़ता है। लेकिन जब पाप का घड़ा भर जाता है तो आसुरी शक्ति का मिट जाना भी तय हो जाता है। लोकतंत्र में पूंजीवाद की जो आसुरी शक्ति है, क्या उसके मिटने का समय आ गया है?

कविता

भगतसिंह तेरे अरमानों पर कुर्सी बिछाए बैठे हैं

भगत सिंह तेरे अरमानों पर कुर्सी बिछाए बैठे हैं
कथित माननीय बने आज वो कर्जा खाए बैठे हैं

कहने को आजादी देकर कसमें झूठी खाते हैं
जो कड़वी सच्चाई कह दे उसे घर से उठवाते हैं
देशद्रोह का लगा कै ठप्पा हवालात भिजवाते हैं
चार्जशीट सालों से लंबित पेश नहीं कर पाते हैं
नागरीक अधिकार सभी के बूटों से दबाए बैठे हैं

शिक्षा का अधिकार दिखावा आसमान पर फीस चढ़ी
जिसका जितना पलड़ा भारी उतनी उसके हाथ लगी
देश छोड़कर विदेश भागते अरमानों की लगी झड़ी
विश्व गुरु की ताल ठोकते बातें करते बड़ी-बड़ी
समान शिक्षा का कोरा परचम सर पर ठाए बैठे हैं

धर्म पर खर्चा करें धड़ाधड़ हॉस्पिटल में नहीं डॉक्टर
शिक्षा का स्तर निरंतर गिरता भाड़े पर रखते हैं टीचर
जनता को रोजगार मिले ना विरोध करे लट्ठ पड़े धडाधड
मेहनत भी करो खाओ धोखा हर एग्जाम में बिकते पेपर
कैरियर के लिए जमीन बेचकर सबकुछ लुटवाए बैठे हैं

नारी रक्षा की महज घोषणा बलात्कारी का अभिनंदन
क्या अजीब ये रामराज्य है महिलाएं करती हैं क्रंदन
किस आजादी की बात करें मुस्लिम का लहू इनका चंदन
गऊ बचाओ आदिम मारो उस पर नही कोई बंधन
हत्यारों को निर्दोष बताकर मुहिम चलाए बैठे हैं

कलमकार राजव्रत

होली, अबीर और भाईचारे का पवित्र त्यौहार

होली मूलतः रंगों का त्योहार है। होली के त्यौहार के पीछे कई पौराणिक कथाएं विद्यमान हैं। मगर शास्त्रों में लिखी प्रहलाद और होलिका की कथा सर्वदा मान्य और प्रचलित है।विष्णु पुराण की कथा के अनुसार राजा हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को नहीं मानता था,और अपनी प्रजा को विष्णु जी की पूजा अर्चना करने से भी मना कर रोका करता था। पर विडंबना यह थी कि उसका अपना ही पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त तथा अनुयाई था, हिरण कश्यप को यह ज्ञात होते ही उसने प्रहलाद को अनेक कष्ट देना शुरू कर दिया।जब उसके दिए गए कष्टों से भक्त प्रहलाद को कोई कष्ट न होकर कुछ नहीं हुआ, तब उसने अपनी बहन होलिका जिसे आग से ना जलने का वरदान प्राप्त था, को बुलवाया और आदेश दिया कि प्रहलाद को गोद में बिठाल कर अग्नि में बैठ जाए, और अपने भाई की आज्ञा का पालन करते हुए होली का ने प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि के ऊपर बैठ गई। ईश्वर विष्णु जी की कृपा से प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ और होलीका दग्ध अग्नि में जलकर भस्म हो गई। प्रहलाद बच गए, और भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध कर-के प्रह्लाद को उसके पिता द्वारा दी गई यातनाएं से मुक्ति दिलाई। इस तरह आमजन इस घटना को याद करके होलिका दहन करके दूसरे दिन अबीर गुलाल तथा रंगों से होली खेलते हैं। होली का बहुत बड़ा वर्णन साहित्य में भी किया गया है कविवर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी कहा "नयनों के डोरे लाल गुलाब भरे, खेली होली रे" होली का त्यौहार राधा और कृष्ण के पवित्र प्रेम से भी संबंधित है ।यही कारण है की भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा था वृंदावन में होली बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। होली तो वैसे ही वैश्विक स्तर पर भी मनाया जाता है, क्योंकि भरत वंशी विदेशों में जिस जिस जगह निवास करते हैं, वह होली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। भारत में अनेक राज्य होने से अलग-अलग क्षेत्र के लोग अलग अलग नाम से होली का त्यौहार मनाते हैं। पश्चिम बंगाल में इसे होली का उत्सव के रूप में मनाया जाता है, पंजाब में इसे "होला मोहल्ला"कहा जाता है, तमिलनाडु में इसे "कॉमन पोडगई"कहां जाता है महाराष्ट्र में रंग पंचमी नाम देखकर दो-तीन दिन तक मनाया जाता है। देश में होली किसी भी नाम से मनाई जाए पर होली में रंग गुलाल और अबीर से ही होली का आनंद उत्सव मनाया जाता है। होली रंगों का त्योहार होने के साथ-साथ आपस में भाईचारे का त्यौहार भी है। आज के दिन दुश्मन भी गले लग कर एक दूसरे से रंग गुलाल तथा मिठाई खिलाकर अपनी दुश्मनी भूल जाते हैं, और क्योंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है अतः होली के त्यौहार को रंग गुलाल लगाने के साथ-साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई ईसे समान रूप से मना कर प्रसन्न होते हैं, यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। पर कुछ लोग होली में भांग तथा शराब का नशा करके माहौल को जरूर खराब करके बिगाड़ कर ईसे बदनाम करने की कोशिश करते हैं।

विचार

केजरीवाल अब अपने को करें निर्दोष साबित

आर.के. सिन्हा

अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है, उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां, पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे । वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देश भर में वह ही अकेले ईमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावों-वादों और कारनामों से देश को निराश ही किया।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे,पर कभी कोई ऐसा मसला नहीं आया। दिल्ली की चुनी हुई सरकारों और केन्द्र सरकारों के बीच मजे मजे में विकास के सब काम होते रहे। पर सन 2015 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनते ही हंगामा शुरू हो ग?ा और होने लगा रोज का क्लेश, तकरार और आरोप झ प्रत्यारोप का दौर। दिल्ली में 1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रह्म प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्हें कांग्रेस ने हटाया और यहां का दूसरा मुख्यमंत्री बनाया सरदार गुरुमुख निहाल सिंह मुसाफिर को। गुस्ताखी माफ,कम ही दिल्ली वालों को पता है कि दिल्ली के दूसरे मुख्यमनंत्री एक सिख सज्जन थे। वे पहली दिल्ली विधानसभा के स्पीकर थे। वे 13 फरवरी, 1955 से 31 अक्टूबर, 1956 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद विधानसभा का अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। मुसाफिर जी ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने नहीं दीं। अजीब इत्तेफाक है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में सदैव अति उत्साह दिखाते रहे। उन्हें दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। मुसाफिर जी के पुत्र एस. निहाल सिंह प्रख्यात पत्रकार थे। वे इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादक भी रहे।

बहरहाल, 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद मिली। यह विधान सभा के समकक्ष थी। महानगर परिषद का मुखिया मुखिया कार्यकारी पार्षद होता था। इस पद पर विजय कुमार मल्होत्रा और जग प्रवेश चंद्र जैसे नेता भी रहे। दिल्ली को 1991 में फिर से संविधान में संशोधन करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया। नए परिसीमन के तहत विधानसभा का 1993 में चुनाव हुआ। उसके बाद मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसे दिग्गज नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान केन्द्र में कभी कांग्रेस के नेतृत्व वाली और कभी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें काम करती रहीं। पर दिल्ली में विकास का पहिया कभी थमा नहीं। जब मदन लाल खुराना मंख्यमंत्री बने तब देश के प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिंह राव थे। कहीं कोई दिक्कत नहीं आई । जब शीला दीक्षित मुख्यमंत्री थीं, तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे। तब भी दिल्ली का भरपूर विकास हो रहा था। कहीं कोई विवाद ही नहीं था। सारे विवाद आपसी बातचीत से हल हो रहे थे। अटल जी और शीला दीक्षित ने दिल्ली में मेट्रो रेल का विस्तार और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया। यह बात अलग है कि अरविंद केजरीवाल हमेशा कहते रहे कि दिल्ली में बिजली की 24 घंटे सप्लाई उनकी वजह से मुमकिन हुई। हालांकि, उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि दिल्ली में पेयजल संकट का वह हल क्यों नहीं कर सके। क्यों यमुना मैली ही होती रही? कैसे दिल्ली बन गई दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी? अरविंद केजरीवाल ने इन सवालों के जवाब देने की कभी जरूरत महसूस नहीं की। अरविंद केजरीवाल को यही लगता रहा कि अखबारों में बड़े-बड़े खचीर्ले विज्ञापन देकर वे अपने को महान साबित करते रहेंगे। आप जब दिल्ली में जी.टी.रोड से आगे बढ़ते हैं, तो आपको दूर से ही भलस्वा में काला पहाड़ नजर आने लगता है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)
समूह संपादक : रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

वनों का विनाश रोकने के लिए सार्थक पहल करने की सख्त जरूरत

विजय गर्ग

परिस्थिति की संतुलन बनाए रखने में मनुष्यों और जीव-जंतुओं के अलावा वृक्षों तथा वनों का भी बेहद महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। दरअसल, वन जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों का प्राकृतिक आवास स्थान होने के साथ-साथ भोजन का माध्यम भी हैं। पृथ्वी पर जीवन के लिए सबसे जरूरी तत्त्व है आक्सीजन, धरती पर वन ही हैं, जो बड़ी मात्रा में वातावरण से कार्बन डाई आक्साइड सोखकर उसे आक्सीजन में बदलते हैं। वन वर्षा कराने, तापमान को नियंत्रित रखने, मृदा के कटाव को रोकने तथा जैव-विविधता को संरक्षित करने में सहायक होते हैं और सही मायनों में पृथ्वी पर पाई जाने वाली जैव विविधता वनों के कारण ही है। पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित रखने में वनों की अहम भूमिका होती है। हालांकि दुनिया भर में वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण अब पृथ्वी पर वन और उनमें रहने वाले जीव-जंतुओं के आवास स्थल काफी सिमट गए हैं। हर वर्ष लगने वाली आग के कारण लाखों हेक्टेयर जंगल तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां नष्ट हो जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट के मुताबिक पिछले तीन दशक में विश्वभर में करीब एक अरब एकड़ वन क्षेत्र नष्ट हो गए हैं। कुछ दशक पहले तक जहां पृथ्वी का करीब पचास फीसद भू-भाग वनों से आच्छादित था, अब यह महज तीस फीसद रह गया है। अगर इसी रफ्तार से वनों का सफाया होता रहा, तो इसमें और कमी आएगी। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार वनों की संख्या घटते जाने का सीधा असर जैव विविधता पर पड़ेगा। इससे आने वाले समय में जहां जल चक्र, मृदा संरक्षण और जैव मंडल पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, वहीं जीव-जंतुओं के आवास पर भी संकट आएगा और अनियमित मौसम से भयंकर दुष्प्रभाव सामने आएंगे।

जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण ही अब पृथ्वी पर 'ग्लोबल वार्मिंग' के साथ-साथ प्राकृतिक आपदा की तीव्रता लगातार बढ़ रही है। वन पृथ्वी के फेफड़ों की भांति कार्य करते हैं, जो वातावरण से सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड, अमोनिया, ओजोन आदि प्रदूषक गैसों को अपने अंदर समाहित कर वातावरण में प्राणवायु छोड़ते हैं।

हिंदी साहित्य में होली के रंग

डॉ. सौरभ मालवीय

होली कवियों का प्रिय त्योहार है। यह त्योहार उस समय आता है जब चारों दिशाओं में प्रकृति अपने सौन्दर्य के चरम पर होती है। उपवनों में रंग-बिरंगे पुष्प खिले हुए होते हैं। होली प्रेम का त्योहार माना जाता है, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण और राधा को होली अत्यंत प्रिय थी। भक्त कवियों एवं कवयित्रियों ने होली पर असंख्य रचनाएं लिखी हैं। कृष्ण भक्त कवि रसखान ने ब्रज की होली पर अत्यंत सुंदर रचनाएं लिखी हैं। इनमें श्रीकृष्ण की राधा के साथ खेली जाने वाली होली प्रमुख है। वे कहते हैं-

मिली खेलत फाग बढयो अनुराग सुराग सनी सुख की रमकै।
कर कुंकुम लै करि कंजमुखि प्रिय के दृग लावन को धमकै।।
रसखानि गुलाल की धुंधर में ब्रजबालन की दुति यौं दमकै।
मनौ सावन सांझ ललाई के मांझ चहुं दिस तें चपला चमकै।।

अर्थात श्रीकृष्ण राधा और गोपियों के साथ होली खेल रहे हैं। इस खेल के साथ-साथ उनमें प्रेम बढ़ रहा है। कमल के पुष्प के समान सुंदर मुख वाली राधा श्रीकृष्ण के मुख पर कुमकुम लगाने की चेष्टा कर रही है। वह गुलाल फेंकने का अवसर खोज रही है। चहुंओर गुलाल ही गुलाल दिखाई दे रहा है। इस गुलाल के कारण ब्रजबालाओं की देहयष्टि इस प्रकार दमक रही है जैसे सावन मास के सायंकाल में सूर्यास्त से लाल हुए आकाश में चारों ओर बिजली चमकती रही हो। कृष्ण भक्त सूरदास ने भी श्रीकृष्ण और राधा की होली पर असंख्य रचनाएं लिखी हैं। होली उनकी रासलीलाओं में महत्वूर्ण स्थान रखती है। वे कहते हैं-

हरि संग खेलति है सब फाग।
इहिं मिस करति प्रगट गोपी, उर अंतर कौ अनुराग।।
सारी पहिरि सुरंग, कसि कचुकि, काजर दै दै नैन।
बनि बनि निकसि निकसि भई ठाढ़ी, सुनि माधौ के बैन।।
डफ, बांसुरी रुंज अरु महुअरि, बाजत ताल मृदंग।
अति आनंद मनोहर बानी, गावत उठति तरंग।।
एक कोध गोविंद ग्वाल सब, एक कोध ब्रज नारि।

न्यूज फ्लैश

फेक न्यूज फैक्टरियों की एनाटॉमी: ब्रांड्स को होने वाले नुकसान का खुलासा

नई दिल्ली। आज के डिजिटल युग में, फेक न्यूज का प्रसार एक खतरनाक समस्या बन गयी है, जो व्यक्ति, संस्था और यहां तक कि पूरे उद्योगों को नष्ट कर सकता है। इस महामारी की समस्याओं में वे ब्रांड भी शामिल हैं, जो अक्सर गलत जानकारी के जाल में फंस जाते हैं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा खराब होती है और ग्राहकों का भरोसा कम होता है। फेक न्यूज फैक्टरियाँ गुप्त तरीके से काम करती हैं, सोशल मीडिया, क्लिक बेट हेडलाइन और वायरल कंटेंट का उपयोग करके चौंका देने वाली झूठी जानकारी फैलाते हैं। ये फैक्ट्रियां ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की अंतर्निहित कमजोरियों का फायदा उठाती हैं, जहां सनसनीखेज खबरे अक्सर सटीकता पर हावी हो जाती है, और गलत जानकारी जंगल की आग की तरह फैलती है। डॉ. मीना मेहता, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज एंड रिसर्च इन होम सायन्स और डिपार्टमेंट ऑफ फूड सायन्स एंड न्यूट्रिशन, एस.एन.डी.टी. वुमन युनिव्हर्सिटी में वर्तमान में विजिटिंग फैकल्टी के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने कहा ह्लहम पाम ऑयल के संबंध में गलत जानकारी से उत्पन्न चुनौतियों को पहचानते हैं। गलत जानकारी का प्रसार न केवल ग्राहकों को गुमराह करता है बल्कि पाम ऑयल उद्योग की ईमानदारी को भी खतरे में डालता है। गलत जानकारी के जाल को खत्म करने के लिए एकजुट होना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम सटीक, वैज्ञानिक रूप से समर्थित जानकारी के प्रसार के लिए काम करते हैं, जो ग्राहकों को अच्छी तरह से सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाता है। गलतफहमियों को दूर करके और खुले संवाद को बढ़ावा देकर, हम भारत के विविध उद्योगों को समृद्ध करते हुए पाम ऑयल के योगदान, फायदे और टिकाऊ प्रथाओं के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी दे सकते हैं।।

फेक न्यूज के प्रभाव का एक ज्वलंत उदाहरण तब सामने आया जब हांगकांग की एक मल्टीनेशनल कंपनी डीपफेक टेक्नोलॉजी का उपयोग करके 25 .6 मिलियन डॉलर के चौंका देने वाले घोटाले का शिकार हो गई। आधुनिक धोखाधड़ी रणनीति के परिष्कार को रेखांकित करते हुए, एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कर्मचारियों से बात की गई। अन्य क्षेत्र भी फेक न्यूज के घातक प्रसार का शिकार हुए हैं। उदाहरण के लिए, सॉफ्ट ड्रिंक्स रातों-रात दांत खराब कर सकता है, यह समझ कई बार गलत साबित होने के बावजूद कायम है, जो ग्राहकों में गलत सूचना को फैलाते है।

वी ने लॉन्च किए स्पेशल आईपीएल ऑफर्स

गुरुग्राम। दूरसंचार सेवा प्रदाता वी लेकर आए हैं नए आकर्षक स्पेशल डिस्काउन्ट ऑफर और एडिशनल/ बोनस डेटा पैकेज, जिनके साथ वी के उपभेक्ता आईपीएल के इस सीजन क्रिकेट देखने का बेहतरीन अनुभव पा सकेंगे।

वी के प्रीपेड उपभोक्ता अब डिस्काउन्ट और डेटा ऑफर्स की रेंज का लाभ उठा सकते हैं। लाईव मैच स्ट्रीमिंग हो, हाईलाईट्स या लेटेस्ट स्कोर पर अपडेट, वी हर किसी की जरूरत और पसंद के अनुसार विकल्प लेकर आया है, ताकि उपभोक्ता डेटा की चिंता किए बिना क्रिकेट देखने का बेहतर अनुभव पा सकें।

ये ऑफर्स एक्सक्लुजिव रूप से सिर्फ वी ऐप पर उपलब्ध है: रु 1449 पैक (1.5 जीबी प्रति दिन, वैलिडिटी: 180 दिन, अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स) के साथ उपभोक्ताओं को रु 50 का डिस्काउन्ट मिलेगा। वहीं रु 3199 पैक (2 जीपी प्रति दिन, वैलिडिटी: 365 दिन, अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स और 1 साल के लिए एमजॉन प्राइम वीडियो मोबाइल एडिशन) के साथ उपभोक्ता रु 100 का डिस्काउन्ट पा सकते हैं।,इसके अलावा रु 699 पैक (3 जीबी प्रति /दिन, वैलिडिटी: 56 दिन, अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स) के साथ उपभोक्ता रु 50 की छूट पा सकते हैं। यह पैक सुनिश्चित करेगा कि पर्याप्त डेटा के साथ आईपीएल देखने में किसी तरह की रूकावट न आए।, वी ऐप रु 181 पैक पर 50 फीसदी एक्स्ट्रा डेटा और रु 75 के पैके पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा डेटा का ऑफर भी लाया हैं , इन ऑफर्स के अलावा कई आकर्षक डेटा पैक भी पेश किए गए हैं, जहां यूजर रु 298 के पैक (28 दिन) पर 50 जीबी डेटा और रु 418 के पैक (56 दिन) पर 100 जीबी डेटा पा सकते हैं। वी ने चुनिंदा रीचार्ज प्लान्स पर अतिरिक्त डेटा ऑफर्स भी पेश किए हैं जो 21 मार्च 2024 से 1 अप्रैल 2024 तक सभी प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए वैलिड हैं।

जेसीबी इंडिया ने अपना पांच लाखवां कंस्ट्रक्शन उपकरण किया तैयार

नोएडा। भारत की अग्रणी अर्थमूविंग एवं कंस्ट्रक्शन उपकरण निमार्ता जेसीबी इंडिया ने अपने पांच लाखवें कंस्ट्रक्शन उपकरण के निर्माण का जश्न मनाया। जेसीबी सन् 1979 से भारत में है और इसके उत्पाद पूरे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में इस्तेमाल होते हैं। भारत में जेसीबी की 6 विनिर्माण इकाईयां हैं जिनके बल पर कंपनी गर्व के साथ 130 देशों में मेड इन इंडिया मशीनें निर्यात करती है। पांच लाखवें कंस्ट्रक्शन उपकरण के तैयार होने का यह जश्न जेसीबी के ग्रुप चेयरमैन लॉर्ड बैमफोर्ड की मौजूदगी में बल्लबगढ़ स्थित कंपनी के भारतीय मुख्यालय में हुआ। इस मौके पर लॉर्ड बैमफोर्ड ने कहा, भारत आज दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

शहीदी दिवस: 81 युवाओं ने रक्त देकर श्रद्धांजलि दी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत दिवस पर 81 युवाओं ने अपना रक्त देकर श्रद्धांजलि दी व देश की आजादी में उनकी महान भूमिका को नमन किया। नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल व गोल्डन मोमेंट्स के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सुबह 10 बजे शिविर शुरू होते ही युवाओं में रक्त दान को लेकर भारी उत्साह रहा व दो बजे शिविर के समापन पर 81 यूनिट सिविल अस्पताल की टीम ने एकत्रित किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों व युवाओं ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए व उनकी महान शहादत के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि 23 मार्च 2031 को जब इन शहीदों को फाँसी दी गई तो ये सभी युवा आयु में थे, लेकिन देश को आजाद करवाने का सपना और व्यवस्था

परिवर्तन की उम्मीद में हंसते-हंसते फाँसी के फंदे को चूम गए। आज जब उनकी शहादत को 93 वर्ष हो चुके हैं, हम सभी को व विशेष रूप से युवाओं को आत्म अवलोकन करना होगा कि क्या हम शहीदों के बताये रास्ते पर चल रहे हैं। निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने भी युवा रक्त दाताओं को संबोधित किया व रक्त देकर शहीदों को याद करने के लिए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रक्त दान को महा दान इसलिए कहा जाता है, क्योंकि दूसरों की जान बचाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता व एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचती है। प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने कहा कि निफा ने हमेशा राष्ट्रभक्तों को याद किया है व देश की अस्मिता, आजादी, एकता व अखंडता के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीरों के जीवन मूल्यों को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास किया है। आज का कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा है। कार्यक्रम में मॉरीशस से आए पंडित अयोध्यानाथ बंसी, निफा के संरक्षक डॉ.लाजपत राय चौधरी, सतिंदर मोहन कुमार, डॉ.कृष्ण अरोड़ा, समाजसेवी महेश शर्मा, रजनीश शर्मा, प्रसिद्ध नाटक निर्देशक कृष्ण मलिक, समाजसेवी रजनीश शर्मा, प्रोफेसर प्रदीप भारती, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से डॉ.आबिद, फिल्म अभिनेता व निमार्ता राहुल शर्मा, हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल से अधिकारी विनोद कुमार, फोरमैन दविन्द्र कुमार, हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के निदेशक धर्मवीर सिंह दाँगी, सचिव विकास शर्मा, महिला विंग की संरक्षक व सीजीसी की प्रधान अंजू शर्मा, महिला विंग की प्रधान वीणा खेतरपाल, सचिव डॉ.भारती भारद्वाज, समाजसेवी अरविंद मान, नमना अहलावत, अंजू शर्मा, निफा के जिला सचिव हितेश गुप्ता आदि ने रक्तदान करने वालों को बैच लगाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाज की बहुत सी प्रबुद्ध हस्तियां मौजूद रही, जिनमें निफा की जिला कार्यकारिणी से सतिंदर गांधी, उप प्रधान अरविंद संधू, शहरी प्रधान मनिंदर सिंह, मुकुल गुप्ता, जगतार सिंह, अरुण, करणजीत सिंह, हरियाणा रोडवेज से चालक अशोक कुमार, आनंद कुमार, कृष्ण गोपाल, नरेश, कृष्ण, अमरजीत, बलजीत सिंह आदि मौजूद रहे। आज शहीदी दिवस के अवसर पर निफा द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर में वैष्णवी फिल्म्स और सिफ्ट सीआइएफटी द्वारा निर्मित हरियाणवी फिल्म भगत सिंह-एक अमर गाथा का टीजर लॉन्च किया गया। इस अवसर पर फिल्म के सभी कलाकारों के साथ फिल्म के डॉयरेक्टर दीपक सैनी, प्रोड्यूसर और फिल्म में भगत सिंह का अभिनय कर रहे राहुल शर्मा, फिल्म का म्यूजिक दे रहे अंकुश के अतिरिक्त परदे के पीछे सब कलाकारों और टीम को जोड? में सहयोग दे रहे और भगत सिंह के पिता के रोल में कृष्ण कुमार मलिक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मास एंड कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के प्रोफेसर आबिद अली, हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल मंच के माध्यम से फिल्मों, हरयाणवी संस्कृति और कलाकारों को प्रोत्साहित करने वाले मंच के प्रधान धर्मेंद्र डांगी सहित सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रंगमंच निर्देशक और अभिनेता कृष्ण मलिक ने निफा के प्रधान प्रितपाल सिंह पन्नू और उनकी टीम का धन्यवाद करते हुए उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आज वक्त की जरूरत है कि स्थानीय कलाकारों और जमीनी पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

सोनीपत: क्राइम यूनिट टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित चिराग निवासी सिक्का कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी प्रवीन ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सिक्का कॉलोनी की सीमा में मौजूद थी। उसी दौरान संदिग्ध हालत में घुम रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध देशी पिस्तौल व जिंदा कारतुस बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ सेक्टर-27 शहर थाने मकें मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया।

शेखावत ने एंटी नारकोटिक्स सेल का किया निरीक्षण

कमाल हुसैन

पानीपत: पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने शनिवार को एंटी नारकोटिक्स सेल का औपचारिक निरीक्षण किया। रिकार्ड के रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरिक, मैस व मालखाना का जायजा लेकर खामियों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के बाद क्राइम कंट्रोल के संबंध व लोकसभा आम चुनाव को जिला में भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के मद्देनजर पर्यवेक्षण अधिकारी, सेल इंचार्ज व तैनात पुलिसकर्मियों की क्राइम मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री धर्मबीर खर्ब, एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज

सब इंस्पेक्टर संदीप, एसपी रीडर एएसआई सुभाष व सेल से सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने निर्देश दिए की लोकसभा आम चुनाव को जिला में भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की दिशा में कार्रवाई करते हुए सक्रिय होकर अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण से अंकुश लगाए। अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सचेत होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाही अमल में लाए। पीओ, बेल जम्पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। मादक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे आरोपियों के अतिरिक्त पीओ, बेल जम्पर अपराधियों की संम्पत्ति जब्त करने की प्रक्रिया को अमल में लेकर आए। लोकसभा आम चुनाव को जिला में भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के मद्देनजर क्षेत्र में निरंतर गश्त करें, शरारती व अपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाए। नाकाबंदी कर संद्विगध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग करें। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

'खेल-खेल के साथ हमें पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए'

गन्नौर । शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गांव गुमड़ में अम्योचर कबड्डी एसोसिएशन की ओर से शनिवार को एक दिवसीय सब जूनियर जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से 12 लड़के व 6 लड़कियों की टीम ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने जीत हासिल करने को लेकर जमकर पसीना बहाया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उनका यहां पर फूलमाला व पगड़ी से स्वागत किया गया। कादियान ने खिलाड़ियों से रूबरू होकर खेल का शुभारंभ कराया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोचक रहा। लड़कों में गुमड़ ने दीपक एकेडमी खेड़ी गुर्जर को 58-18 अंक और लड़की में भावड़ ने खानपुर की टीम को 35-27 अंकों से पराजित किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। कादियान ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।

विजय संकल्प रैली आज, मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे मुख्य अतिथि

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: तावडू में रविवार को होने वाली विजय संकल्प रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। तावडू की अनाज मंडी में होने वाली इस रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे। रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने स्थानीय स्तर पर कार्यकताओं को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियां दे दी है। रैली में नवनियुक्त

राज्यमंत्री संजय सिंह के अलावा तमाम बीजेपी के बड़े नेता मौजूद रहेंगे। विजय संकल्प रैली तावडू की अनाज मंडी में रविवार को 11 बजे होगी। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी पहली बार तावडू में एक विशाल रैली को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह है। 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद क्षेत्र में विकास की गति को रफ्तार मिली है।

रंगों के त्यौहार पर खाकी की विशेष तैयारी

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: जिले में होली व दुल्हेंडी पर्व पर हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। पुलिस हुड़दंगियों पर नकेल डालने के लिए पूरी तरह से सतर्क रहेगी। होली व दुल्हेंडी के दिन पुलिस की पीसीआर, डायल-112 व राइडर पूरे क्षेत्र में निगरानी रखेंगी। साथ ही पर्व पर नशा कर हुड़दंग करने वालों को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अल्कोहल सेंसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। शराब के नशे में पकड़े जाने पर होली व दुल्हेंडी का पर्व जेल के अंदर ही मनाना पड़ेगा। पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने सभी जिला वासियों से रंगों का यह पर्व प्यार से मनाने का आह्वान किया है।

होली के त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे दूसरों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचे। कुछ लोग होली के मौके पर लड़कियों व महिलाओं के साथ छेड़खानी करने में भी पीछे नहीं रहते तथा ग्रामीण क्षेत्र में होली के दिन लड़ाई-झगड़े भी अधिक होते हैं।

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

समालखा (कुलदीप सिंह)

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में सत्र 2023-2024 का कक्षा नर्सरी से 9वीं व 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । इसके अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसमें भाषण , कविताएं , नाटक, कहानी, गीत, नृत्य व अन्य प्रेरक प्रसंग शामिल रहे। कक्षा 10वीं की छात्राओं द्वारा शहीदी दिवस पर भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव के जीवन को प्रकाशित किया गया।मंच संचालन मीनू व नम्रता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार डॉक्टर श्वेता, सुरेंद्र , खेल शिक्षक विकास, प्रवीण कुमारी , विक्की, ने दीप प्रज्ज्वलन किया, साथ ही कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा

सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। स्वागत गीत की भव्य प्रस्तुति के यथाक्रम प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। जिसमें कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान कैलशी , द्वितीय स्थान आदित्य व तृतीय स्थान नक्ष , एल.के.जी. में प्रथम स्थान पूर्व व रिया देशवाल , द्वितीय स्थान अयान ,अर्नित व तृतीय स्थान प्रयाग व नक्ष , कक्षा यू.के.जी. में प्रथम स्थान मयन ,शिया , द्वितीय स्थान अवनी तथा मानवी रावल व तृतीय स्थान प्रवेश तथा भाविक, कक्षा पहली में प्रथम स्थान केशव , द्वितीय स्थान निश्चय व तृतीय स्थान लविश , कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान हितेश गाहल्याण , अवनी , द्वितीय स्थान गर्वित गाहल्याण और मानविक तृतीय स्थान रूद्रा और वनन, कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान केशव कुमार व अभिमन्यु ,द्वितीय स्थान विरेन व विनय,तृतीय स्थान कमल व मानविक , कक्षा चौथी में प्रथम स्थान क्विंसी ,द्वितीय स्थान अनवी व तृतीय स्थान तानिया कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान शिवानी , द्वितीय स्थान अर्जुन गाहल्याण व तृतीय स्थान तेजल , कक्षा छठी में प्रथम स्थान रिया, द्वितीय स्थान अंशिका व तृतीय स्थान अंशिका , कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान उज्ज्वल, द्वितीय स्थान योगेश राधे व तृतीय स्थान शिवम , कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान अनोखी आर्य, द्वितीय स्थान मन्नत व तृतीय स्थान दीप्ति , कक्षा नौवीं में प्रथम स्थान सक्षम , द्वितीय स्थान हर्षिका व तृतीय स्थान समीर, कक्षा ग्यारहवीं में कला संकाय में प्रथम स्थान नैनसी, द्वितीय स्थान मीनू मुसकान व तृतीय स्थान दीपांशु विज्ञान संकाय में स्थान अंजली , द्वितीय स्थान अक्षमा , तृतीय स्थान लक्षिका देवी और वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान नम्रता , द्वितीय स्थान हिमांशी व तृतीय स्थान जतिन ने प्राप्त किया।

जन चेतना मंच कुरुक्षेत्र ने बलिदान दिवस का किया आयोजन

प्रदीप आर्य के सौजन्य से सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक का किया वितरण

टीम एक्शन इंडिया

कुरुक्षेत्र: देश के अमर शहीदों की याद में जन चेतना मंच कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र पीपली मार्ग स्थित एक निजी होटल में बलिदान दिवस का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए बलिदान दिवस के अवसर पर जन चेतना मंच के अध्यक्ष प्रदीप कुमार आर्य ने बताया कि देश की आजादी के लिए अपनी ज़िन्दगी कुर्बान करने वाले अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को समर्पित इस यादगार दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुए नई पीढ़ी को उनके बलिदान के बारे में बताते हुए उनके अंदर देश भक्ति के बीज

बोने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जयपाल आर्य ने भजन उपदेश के माध्यम से बलिदान गाथा सुनाई जिससे पूरा माहौल देशभक्ति के रस में डूब गया और जगमोहन भाटिया के मेरा रंग दे बसंती चोला गीत ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पंडित राकेश कुमार आर्य मोहाली से, शशि भूषण शर्मा, स्वामी विदेह योगी जी व पण्डित मोहन लाल आर्य ने देशभक्ति पर अपना उधबोधन दिया। आये हुए सभी अतिथियों को जन चेतना मंच के अध्यक्ष प्रदीप आर्य के सौजन्य से सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक वितरित की गयी और संयुक्त चित्र किया गया, तत्पश्चात प्रीति भोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर रेटायअर्ड पुलिस उप अधीक्षक पवन राणा, भाजपा सचिव कुरुक्षेत्र मनीष सिंधवानी, मोहन लाल अरोड़ा, चंद्रशेखर शर्मा, कँवरजीत भारद्वाज, विनोद सिंगला, मीना जैन, नरेश जैन, रामेश्वर सेनी आदि उपस्थित रहे।

होली पर्व के मद्देनजर पानीपत पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

कमाल हुसैन

पानीपत: हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली व फाग का त्योहार पूरे भारतवर्ष में 24 व 25 मार्च 2024 को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस त्योहार पर एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को गुलाल लगाते हैं व एक-दूसरे पर पानी डालते हैं। 25 मार्च को फाग के दिन यह सिलसिला पूरे दिन चलेगा। कुछ असमाजिक तत्त्व छोटे मोटे झगड़े को बड़ा रूप दे देते है। ऐसी परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस की ओर से होली व फाग के पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने होली के त्योहार के मद्देनजर जिले में कानून एवं व्यवस्था व सांप्रदायिक सद्भावना को बेहतर बनाए रखने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से सुव्यवस्थित करने व किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटने व आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में हुड़दंग बाजी करने वालों से सख्ती से निपटने के विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक थाना में तीन पैदल गश्त पार्टी बनाकर नियुक्त की है। पूरे जिले में 47 गश्त पार्टी क्षेत्र में पैदल गश्त करेंगी। भीड़-भाड़ वाले इलाकों सहित विभिन्न स्थानों पर जवानों को सादी वर्दी में भी तैनात किया गया है। जिनकी असामाजिक तत्वों

पर विशेष नजर रहेंगी। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौक चौराहों पर विषेश पुलिस दस्ते तैनात रहेगें। सभी पीसीआर एंव राइडर को निर्देश दिए गए है कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होगी तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेगें। शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष महिला पुलिस दस्ता भी कार्रवाई की सूरत में रहेगा। बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकालने वाली बाइक को तुरंत जब्त करके उनके विरूध नियमानुसार कारवाई करने के निर्देश दिए गए है। जिला में विभिन्न मार्गो व चौक चोराहों पर 58 स्थानों पर नाकाबंदी कर प्रभावी चेकिंग की जाएगी। अल्कोहल सेंसर से जांच कर शराब पीकर ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इसके अलावा सभी पुलिस थानों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और पुलिस लाइन में रिजर्व पुलिस बल भी रखा गया है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने जिला के सभी नागरिकों को होली के त्योहार की बधाई देते हुए कहा है कि इस त्योहार पर अपने पुराने गिले-शिकवे दूर करके बिना किसी भेदभाव और वैर विरोध के इस पावन पर्व का आंदन लें। गुलाल और फूलों की होली खेलें। इसके साथ ही कानून व्यवस्था की पालना करते हुए पुलिस का सहयोग करें, किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचित करें। जिला में कानून एंव शांति व्यवस्था को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

आईसीआईसीआई बैंक के आईमोबाइल पे' का इस्तेमाल कर रहे अन्य बैंकों के एक करोड़ से अधिक ग्राहक

टीम एक्शन इंडिया

गाजियाबाद। एक अनूठी उपलब्धि हासिल करते हुए आईसीआईसीआई बैंक के रिटेल मोबाइल बैंकिंग ऐप 'आईमोबाइल पे' ने अन्य बैंकों के एक करोड़ से अधिक ग्राहकों को अपने साथ जोड़ लिया है। अन्य बैंकों के ग्राहकों के लिए आईसीआईसीआई बैंक का यह ऐप खोलने के ठीक तीन साल बाद यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। 2008 में आईसीआईसीआई बैंक मोबाइल बैंकिंग ऐप लॉन्च करने में अग्रणी बैंक था। दिसंबर 2020 में, यह अन्य बैंकों के ग्राहकों को अपनी सेवाओं का लाभ देकर ऐप को इंटरऑपरेबल बनाने वाला पहला बैंक बन गया। तब से, किसी भी बैंक के ग्राहक कुछ सरल चरणों का पालन करके 'आईमोबाइल पे' का उपयोग कर सकते हैं: अपने बचत बैंक खाते को ऐप से लिंक करें, एक यूपीआई आईडी बनाएं और सुविधाजनक सेवाओं की एक विस्तृत रेंज का आनंद लें। इनमें किसी भी यूपीआई आईडी या मर्चेंट को भुगतान करना, बिलों का भुगतान करना, ऑनलाइन रिचार्ज करना और किसी भी बैंक खाते, भुगतान ऐप और डिजिटल वॉलेट में पैसे ट्रांसफर करना शामिल है। इसके अलावा, यूजर आईसीआईसीआई बैंक द्वारा मिलने वाली कई बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ बचत खाता भी खोल सकते हैं, होम लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए आईसीआईसीआई बैंक के डिजिटल चैनल और पार्टनरशिप हेड सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा, 'आईमोबाइल पे' के साथ हम ग्राहकों के अपने फाइनेंशियल मैनेजमेंट और ट्रांजेक्शन के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं।

सरसों के बीज की कीमतें MSP से नीचे आने पर एसईए की सरकार से दखल की मांग

नई दिल्ली। खाद्य तेल उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने सरसों के बीज की थोक कीमतें 5,650 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे गिरने पर चिंता जताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। एसईए के अध्यक्ष अजय झुनझुनवाला ने बयान में कहा, «हम अधिकारियों से एमएसपी पर सरसों के बीज की खरीद की सुविधा के लिए प्रमुख मंडी क्षेत्रों में खरीद केंद्र स्थापित करने के लिए (सरकारी) नेफेड को निर्देश देने का आग्रह करते हैं, जिससे बाजार स्थिरता और किसान कल्याण का समर्थन किया जा सके।

उन्होंने कहा कि एमएसपी खासकर सरसों की कटाई के मौजूदा मौसम में बड़ी चिंता बनी हुई है। सरसों के बीज की मौजूदा बाजार कीमतें 5,650 रुपये के एमएसपी से नीचे है, जिससे तत्काल सरकारी दखल की जरूरत है। झुनझुनवाला ने कहा कि चालू सत्र के दौरान रिकॉर्ड 100 लाख हेक्टेयर के शिखर पर पहुंचने के बावजूद कीमतों में गिरावट के कारण सरसों की खेती में स्थिरता का सामना करना पड़ रहा है।

अगले वित्तीय वर्ष के लिए भारत का आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक, वित्त मंत्रालय की समीक्षा में दावा

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी तथा मुद्रास्फीति में नरमी के साथ अगले वित्त वर्ष के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था का आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया है कि जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड को शामिल करने से प्रवाह को बढ़ावा मिलना चाहिए। इसमें कहा गया है कि उपभोग में लगातार वृद्धि के बीच मजबूत निवेश गतिविधि से विकास को गति मिल रही है।

आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से की गई समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश पर निरंतर ध्यान देने से निजी निवेश में भी बहुत निवेश आया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है।

भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की और सुस्त वैश्विक वृद्धि के रुख के बीच असाधारण प्रदर्शनकर्ता के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2024 के भारत के विकास अनुमानों को संशोधित करते हुए 8 प्रतिशत के करीब कर दिया है, जो समग्र वृद्धि दर के अनुमान का समर्थन कर रही है।

समीक्षा में कहा गया है, कुल मिलाकर भारत वित्त वर्ष 2025 की शुरुआत में सकारात्मक दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की मांग बढ़ना निर्माण गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए अच्छा संकेत है। गैर-कृषि रोजगार पुनर्जीवित हो गया है, जिससे कृषि छोड़ने वाले श्रमिकों को अवशोषित करने की क्षमता में सुधार हुआ है। इसमें कहा गया है, विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने से यह गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा करने के उद्देश्य के रूप में उभरा है।

चीन के वाणिज्य मंत्री से मिले एपल के सीईओ टिम कुक, शंघाई में नए स्टोर की ओपनिंग

नई दिल्ली। चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंताओ ने शुक्रवार को एपल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक से मुलाकात की। दोनों लोगों ने चीन में एपल के विकास और चीन-अमेरिका आर्थिक व व्यापार संबंधों पर अपने विचार साझा किए। यह बैठक कुक द्वारा शंघाई में एपल का सबसे नया स्टोर खोलने के एक दिन बाद हुई। फोन निर्माता एपल चीन में आईफोन की बिक्री में गिरावट और हुआवेई जैसे घरेलू प्रतिद्वंद्वियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है। वांग ने कहा कि चीन-अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक स्थिर शक्ति है। चीन दोनों देशों के बीच व्यापार सहयोग के लिए एक निष्पक्ष, स्थिर और अनुमानित वातावरण बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है। कुक के अगले सप्ताह बीजिंग में चीन विकास मंच में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान शीर्ष चीनी नीति निर्माताओं के साथ विदेशी कंपनियों के सीईओ की एक सभा होगी। चीन के वाणिज्य मंत्री का एपल सीईओ टिम कुक के साथ यह मुलाकात भारत के दृष्टिकोण से भी काफी अहम है। चीन में विनिर्माण से जुड़ी ज्यादातर कंपनियां चाइना प्लस वन नीति के तहत विकल्प के तौर पर भारत जैसे देशों की ओर देख रही हैं। इससे चीन में वाली कंपनियों के निवेश में बहुत हद तक कमी आई है। ऐसे में चीन के नीति निर्माताओं की विदेशी कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात के क्या मायने निकलते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंट क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.41 फीसदी की गिरावट के साथ 85.43 डॉलर प्रति बैरल पर टिका हुआ है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.44 डॉलर यानी 0.54 फीसदी लुढ़ककर 80.63 डॉलर प्रति बैरल पर है।

एयर इंडिया पर डीजीसीए ने 80 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा समूह की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने उड़ान के वक्त नियमों का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की है।

विमान नियामक डीजीसीए ने जारी एक बयान में कहा कि एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। एयरलाइन पर यह कार्रवाई जनवरी के ऑडिट में हुए कई खुलासों के बाद की गई है।

विमानन नियामक डीजीसीए ने जनवरी में एयर इंडिया का स्पॉट ऑडिट किए थे जिसकी चालक दल के लिए अल्ट्रा-लंबी दूरी की उड़ानों से पहले और बाद में जरूरी आराम न देने, लेओवर के दौरान जरूरी आराम न देने का मामला सामने आया था। रिपोर्टों और सबूतों के विश्लेषण से पता चला कि एयर इंडिया ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी।

डीजीसीए के मुताबिक एयरलाइन ने चालक दल को पर्याप्त साप्ताहिक आराम तथा लंबी उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त आराम देने में कोताही बरती। इसके बाद नियामक ने एक मार्च को एयरलाइन के उल्लंघनों के संबंध में एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। विमान नियामक ने इस नोटिस पर एयरलाइन के जवाब को संतोषजनक नहीं पाया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। उस दौरान एयरलाइंस को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। दरअसल 12 फरवरी को एयर इंडिया से यात्रा करने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर नहीं दी गई थी, जिससे उस बुजुर्ग यात्री की मृत्यु हो गई थी।

डॉलर की तेजी से लुढ़का सोना, 0.70 प्रतिशत टूट कर 2,200 हजार डॉलर से नीचे आया

नई दिल्ली। डॉलर इंडेक्स में तेजी आने की वजह से वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में सोने की कीमत में आज गिरावट का रुख नजर आया। इसके पहले गुरुवार को ही सोना 2,200 डॉलर के स्तर को पार करने में सफल रहा था। आज हाजिर सोने की कीमत 0.70 प्रतिशत टूट कर 2,166.47 प्रति औंस के स्तर पर तक लुढ़क गई। इसी तरह इस गोल्ड फ्यूचर्स में भी सोना 0.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,168 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार करता नजर आया।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने का संकेत दिए जाने के कारण सोना गुरुवार को ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा था लेकिन डॉलर इंडेक्स की तेजी ने सोने की मजबूती पर नेगेटिव असर डाला है। जानकारों का मानना है कि कई देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद तेज करने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा पॉजिटिव संकेत दिए जाने के कारण सोना जरूरत से अधिक खरीद वाली श्रेणी में पहुंच गया है। इसी वजह से शॉर्ट टर्म में सोने की कीमत में कुछ नरमी भी आ सकती है।

वर्ल्ड गोल्ड मार्केट के ट्रेंड के विपरीत घरेलू सराफा बाजार में सोना की कीमत में तेजी आने की उम्मीद

जताई जा रही है। बुलियन मार्केट के एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक सोने के कारोबारी इस समय अक्षय तृतीया के लिए स्टॉक जमा करने में लगे हुए हैं। कारोबारियों को फेस्टिव सीजन के दौरान सोने की खरीद में तेजी आने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि नए वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान अक्षय तृतीया, शादी के मुहूर्त और गुड़ी पड़वा जैसे त्योहार की वजह से सोने के कारोबार में 10 प्रतिशत तक की तेजी आ सकती है। मयंक मोहन के अनुसार 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च 2024 के बीच वैश्विक और घरेलू कई वजहों से सोने के कारोबार की वृद्धि दर लगभग स्थिर रही है। आने वाले दिनों में सोने के कारोबार की वृद्धि दर में तेजी आने की उम्मीद है। गौरतलब है कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह में गुड़ी पड़वा का त्योहार मनाया जाएगा।

इसी तरह मई के दूसरे सप्ताह में अक्षय तृतीया का त्योहार है। अक्षय तृतीया के दिन सोने की खरीदारी करना काफी शुभ माना जाता है। भारत में धनतेरस के बाद सबसे अधिक सोने की खरीदारी अक्षय तृतीया के दिन ही की जाती है। इसके साथ ही अप्रैल के दूसरे सप्ताह के बाद शादी का सीजन भी शुरू हो जाएगा। इन वजहों से सोने के कारोबारियों को उम्मीद है कि सर्राफा बाजार में सोने की खरीदारी में तेजी आएगी, जिसके कारण सोना नई ऊंचाई पर पहुंच सकता है।

देशभर में होली के त्योहार पर 50 हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान

नई दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष होली के त्योहारी सीजन में देशभर के व्यापार में करीब 50 फीसदी की वृद्धि का अनुमान जताया है। इससे देशभर में 50 हजार करोड़ से अधिक का व्यापार का अनुमान है। अकेले दिल्ली में ही 5 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने की संभावना है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि इस बार होली की त्योहारी बिक्री में चीन के बने सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने पूर्ण बहिष्कार किया है। उन्होंने बताया कि होली से जुड़े सामान का देश में आयात लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का होता है, जो इस बार बिल्कुल नगण्य रहा। खंडेलवाल ने कहा कि इस बार केवल भारत में ही निर्मित हर्बल रंग गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों की बिक्री हो रही है। इसके आलावा मिठाइयां, ड्राई फ्रूट, गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े, फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सहित अन्य अनेकों उत्पादों की भी इस बार जबरदस्त मांग बाजारों में दिखाई दे रही है। खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष दिल्ली सहित देशभर में बड़े पैमाने पर होली समारोहों का आयोजन हो रहा है, जिसके चलते बैंक्वेट हाल, फार्म हाउस, होटलों, रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक पार्कों में होली समारोहों आयोजनों का तांता लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस सेक्टर में दो वर्ष के बाद अच्छा व्यापार के दिन देखे हैं। अकेले दिल्ली में छोटे बड़े मिलाकर 3 हजार से ज्यादा होली मिलन समारोह आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों में शामिल लोगों को चेहरों पर एक नई खुशी तथा उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है।

कैट महामंत्री ने कहा कि होली का पर्व नजदीक आते ही दिल्ली के सभी थोक एवं खुदरा बाजार पूरी तरह सजे हुए हैं। सभी बाजारों में दुकानों पर गुलाल और पिचकारी के साथ होली के अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ लगी है। मिठाई की दुकानों पर खास तौर से होली पर बनने वाली गुझिया आदि की बड़े स्तर पर बिक्री हो रही है। खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली में 24 मार्च को होलिका दहन होगा, जबकि रंगों का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। होली के रंग में बाजार भी रंगे हुए नजर आने लगे हैं। बाजार में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारी के अलावा गुजिया के हार और मेवा से दुकानें सजी हुई हैं। खंडेलवाल ने कहा कि बाजार में होली के पहले खरीददारी के लिए लोगों की प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि होली पर रिश्तेदारों के यहां हार और मिठाई के साथ में मेवे की माला ले जाने की परंपरा के चलते खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दुकानों पर देखने को मिल रही है। इसके चलते देश के अधिकांश बजारों में चहल-पहल बनी हुई है। केमिकल युक्त गुलाल, रंग की बजाय हर्बल रंग, अबीर और गुलाल की सर्वाधिक मांग बाजारों में है।

उन्होंने कहा कि शनिवार और अगले दिन रविवार को व्यापारियों को रिकॉर्ड तोड़ बिक्री होने का अनुमान है। खंडेलवाल ने बताया कि इस बार बाजार में अलग-अलग तरह की पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम आए हैं। प्रेशर वाली पिचकारी 100 रुपये से 350 रुपये तक की उपलब्ध है। टैंक के रूप में पिचकारी 100 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में उपलब्ध है। इसके अलावा फैंसी पाइप की भी बाजार में धूम मची है। बच्चे स्पाइडर मैन, छोटा भीम आदि को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना की कीमत 67 हजार के पार, चेन्नई में 62 हजार के स्तर पर

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का रुख नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने की कीमत में आज 500 से 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की उछाल दर्ज की गई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 67 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर या काफी करीब कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 61 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है। चेन्नई में 22 कैरेट सोना आज 62 हजार रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 67,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 61,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 66,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 61,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 67,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। अहमदाबाद

में 24 कैरेट सोना आज 66,980 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 61,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 66,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 61,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 67,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 61,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 66,980 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 61,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 67,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 61,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में मजबूती दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 66,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 61,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

निवेशकों ने 1 दिन में ही की 2.39 लाख करोड़ की कमाई

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरुआती कमजोरी का सामना करने के बाद जबरदस्त मजबूती का प्रदर्शन किया। होली के पहले के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में तेजी के कारण निवेशकों ने भी जम कर मुनाफा कमाया। आज कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी लेकिन पहले घंटे के कारोबार में ही तेजड़ियों ने बाजार पर कब्जा जमा लिया। इसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक जोरदार तेजी दिखाने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में आईटी को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ऑटोमोबाइल, रियल्टी और फार्मास्युटिकल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 382.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। हालांकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 379.85 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.39 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,906 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,444 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,365 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 97 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,228 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,481 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 747 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 409.53 अंक टूट कर 72,231.66 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर 469.10 की कमजोरी के साथ 72,172.09 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में तेजड़ियों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से शाम 3 बजे के कुछ देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 943.53 अंक उछल कर 474.43 अंक के तेजी के साथ 73,115.62 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 275 अंक से भी अधिक फिसल कर 190.75 अंक की मजबूती के साथ 72,831.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज वाले कार्यालय 30, 31 मार्च को खुले रहेंगे

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं करदाताओं की सुविधा के लिए चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी। सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी) और

वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, 2024 को रात 12 बजे तक जारी रहेगा। इसमें कहा गया कि सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों को सुविधाजनक बनाने के लिए देशभर में विशेष समाशोधन अभियान चलाने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, सरकारी चेकों के लिए 30 और 31 मार्च, 2024 को विशेष समाशोधन आयोजित किया जाएगा। एजेंसी बैंकों को सलाह दी जाती है कि सरकारी खातों से संबंधित सभी चेक ऐसे समाशोधन पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के आरबीआई को लेनदेन की रिपोर्टिंग के संबंध में 31 मार्च की रिपोर्टिंग खिड़की एक अप्रैल, 2024 को दोपहर 12 बजे तक खुली रखी जाएगी।

IPL 2024 के लिए JioCinema को मिले 18 स्पॉन्सर, ऐड देने के लिए कंपनियों की लगी लाइनें

मुंबई। टाटा आईपीएल के स्ट्रीमिंग पार्टनर इस बार जियो सिनेमा है, जिसे काफी लाभ हुआ है। वहीं इस बार जियो सिनेमा को आईपीएल के लिए विज्ञापन स्पॉन्सर्स की लंबी लाइन लगी मिली है। कई कंपनिया आईपीएल मैचों में स्पॉन्सर करना चाहती है। क्रिकेट का सबसे रोचक इवेंट इंडियन प्रीमियर लीग को दुनिया के सबसे बड़े स्पोर्ट्स में शुमार किया जाता है, जिसका नया सीजन शुरू हो रहा है। आईपीएल में पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। सीजन मे कई टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत देखने को

मिलेगी। टीमों के अलावा भिड़ंत एड देने वाली कंपनियों के बीच भी देखने को मिलेगी। टाटा आईपीएल के स्ट्रीमिंग पार्टनर इस बार जियो सिनेमा है, जिसे काफी लाभ हुआ है। वहीं इस बार जियो सिनेमा को आईपीएल के लिए विज्ञापन स्पॉन्सर्स की लंबी लाइन लगी मिली है। कई कंपनियां आईपीएल मैचों में स्पॉन्सर करना चाहती है। आईपीएल के इस सीजन के लिए 18 स्पॉन्सर और 250 से ज्यादा विज्ञापनदाता मिले हैं। बता दें कि आईपीएल का डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर इस बार जियो सिनेमा है।

जियो सिनेमा को आईपीएल के बीते सीजन में लाइव स्ट्रीमिंग से जोरदार कमाई हुई है। बीते सीजन में भी स्पॉन्सर और विज्ञापनदाताओं से शानदार रिस्पॉन्स भी देखने को मिला है। वहीं इस बार भी स्पॉन्सर और विज्ञापनदाताओं की भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस सीजन में भी शानदार रिस्पॉन्स देखने को मिलेगा। ये भी संभावना जताई जा रही है कि बीते वर्ष के रिकॉर्ड तोड़कर कमाई के सभी पुराने रिकॉर्ड टूटेंगे।

ये कंपनियां हैं स्पॉन्सर

जानकारी के लिए बता दें कि स्पॉन्सर और विज्ञापनदाताओं की सूची में अलग अलग सेक्टर की कंपनियां शामिल है। इसमें ऑटोमोबाइल, मोबाइल हैंडसेट, बैंकिंग, ऑनलाइन ब्रोकिंग एंड ट्रेडिंग, क्रेडिट कार्ड पेमेंट की कंपनियों ने आवेदन किया है। इस बार भी जियो सिनेमा के साथ को प्रेजेंटिंग पार्टनर ड्रीम 11 ही है। आईपीएल के लिए एसोसिएट स्पॉन्सर के तौर पर टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक का पेजैप, एसबीआई, क्रेड, एएमएफआई, अपस्टॉक्स, चार्ल्ड बाय थम्स अप, ब्रिटानिया, पेप्सी, पारले, गूगल पिक्सल, हायर, जिंदल स्टील, वोडाफोन, डालमिया सीमेंट्स, कमला पसंद और रैपिडो शामिल है।

Bajaj Auto की जून में CNG से चलने वाली बाइक पेश करने की योजना

पुणे। घरेलू दोपहिया विनिर्माता बजाज ऑटो स्वच्छ ईंधन सीएनजी से चलने वाली मोटरसाइकिलों का पोर्टफोलियो तैयार करने में जुटी हुई है और वह इस साल जून में ऐसी पहली बाइक उतारने की योजना बना रही है। बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने कहा कि स्वच्छ ईंधन से चलने वालीपहली बाइक जून में बाजार में आ जाएगी। उन्होंने कहा कि नई बाइक किफायती सफर को लेकरजागरूक ग्राहकों को लक्षित करेगी और एक अलग ब्रांड के तहत बाजार में उतारी जा सकती है। हालांकि बजाज ने कहा कि इस

बाइक के विनिर्माण की ऊंची लागत होने से इसकी कीमत पेट्रोल बाइक की तुलना में अधिक हो सकती है। बजाज ने यह भी कहा कि 20 साल पहले आई पल्सर बाइक की बिक्री के जल्द ही 20 लाख इकाई का आंकड़ा पार हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने अगले पांच साल में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के लिए बजाज समूह द्वारा 5,000 करोड़ रुपये खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई। इससे भविष्य के दो करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा और वे भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था द्वारा पेश किए गए रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब

पुणे। देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गया।?15 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह भंडार 6.39 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 642.492 अरब डॉलर पहुंच गया।?इससे पहले अक्तूबर, 2021 में देश के पास रिकॉर्ड 645 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था।?हालांकि, वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार में कमी आई थी। आरबीआई के जारी आंकड़ों के मुताबिक, 15 मार्च वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्तियां 6.03 अरब डॉलर बढ़कर 568.38 अरब डॉलर पर पहुंच गईं।?इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.095 अरब डॉलर पहुंच गया था। आरबीआई?के मुताबिक, 15 मार्च वाले सप्ताह के दौरान देश का स्वर्ण भंडार का मूल्य 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर पहुंच गया।?विशेष आहरण अधिकार 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.276 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत का आरक्षित जमा भी 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.689 अरब डॉलर पहुंच गया।?

वित्त मंत्रालय ने कहा, जीडीपी में निजी पूंजी निर्माण के लिए घरेलू बचत को बढ़ाने की जरूरत है। मंत्रालय ने फरवरी की मासिक समीक्षा में कहा, व्यापार घाटा कम होने और प्राप्तियों में बढ़ोतरी से इस वित्त वर्ष में चालू खाता में सुधार होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025 में चालू खाते के घाटे पर नजर रखने की जरूरत है। हालांकि, लाल सागर में व्यवधान के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं।?इससे घरेलू स्तर पर महंगाई बढ़ने और आर्थिक वृद्धि में नरमी की आशंका है।

समीक्षा के मुताबिक, देश में खुदरा महंगाई के मामले में मंत्रालय का दृष्टिकोण सकारात्मक है। खाद्य कीमतों के कम होने से महंगाई घट रही है। गर्मियों की बुआई में तेजी से खाद्य कीमतों को कम करने में मदद मिलने की संभावना है।

लाल सागर संकट से प्रभावित होगा निर्यात- लाल सागर संकट के कारण भारत का कृषि वस्तुओं, कपड़ा, केमिकल, कैपिटल गुड्स और पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात प्रभावित हो सकता है।?साथ ही, निर्यात की लागत और ज्यादा बढ़ सकती है। मंत्रालय ने कहा, इन चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापार मार्गों और परिवहन विकल्पों में विविधता लाने की जरूरत पड़ सकती है।

'भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत'

देश कि एकता अखंडता पर आंच आये तो युवाओं को हमेशा देश विरोधी ताकतों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए: कविता जैन

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का देश को आजाद करवाने के लिए दिया गया बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, युवा नशे से दूर रहकर देश एवं समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। राजीव जैन शनिवार को सुंदर सांवरी सिथित सामुदायिक भवन में शहीदी दिवस के अवसर पर युवाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहीदों की प्रतिमाओं पर श्रधासुमन अर्पित करने के बाद उपस्थित जन समूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीनों शहीदों ने खेलने खाने की उम्र में जनरल सांडर्स की हत्या तथा साइमन कमीशन के विरोध में एसेम्ब्ली में बम फोड़ कर अंग्रेज सरकार की चूलें हिलने का काम किया था, परिणाम स्वरुप अंग्रेजों को घबराकर मजबूरन भारत छोड़ कर भागना पड़ा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने जागृति धाम में आयोजित कार्यक्रम में तीनो शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के बाद कहा की देश को विश्व गुरु बनाने के बाद ही भगत सिंह का बलिदान सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि देश कि एकता अखंडता पर आंच आये तो युवाओं को हमेशा देश विरोधी ताकतों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

कार्यक्रम में मोहन सिंह मनोचा, अमन बोस, अरमान, नितिन, सागर, हन्नी, अंश,हिमांशु, प्रिंस, सुदीप, मौलिक, सचिन, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

पशुवाड़े पर अज्ञात जानवर ने किया हमला

अहीर माजरा गांव में पशुवाड़े पर अज्ञात जानवर ने किया हमला 15 भेड़ों की मौत

मचा हड़कंप

8 बीती रात किसी अज्ञात जानवर ने हमला कर 15 भेड़ों को मौत के घाट उतार दिया और 11 को घायल कर दिया

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर: अहीर माजरा गांव में एक गरीब पर आफत टूट पड़ी। बीती रात किसी अज्ञात जानवर ने हमला कर 15 भेड़ों को मौत के घाट उतार दिया और 11 को घायल कर दिया। उन्होंने घटना की सूचना गांव के सरपंच को दी। जानकारी के अनुसार गांव का भूप सिंह भेड़ पालन का व्यवसाय करता है। उसने अपने भेड़बाड़े में 40 भेड़ रखी हुई थी। रोजाना की तरह वह अपने भेड़ों को भेड़वाड़े में छोड़कर सोया था। सुबह पता चला कि बीती रात किसी अज्ञात जानवर ने उसकी भेड़ों पर हमला कर दिया और 15 भेड़ को जान से मार दिया एवं 11 को पूरी तरह से जख्मी कर दिया। भूप सिंह ने बताया कि भेड़ों की मौत के बाद उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वह भेड़ पालन के अलावा कोई कार्य नहीं करता वह भेड़ पालन का काम करके ही अपना गुजर बसर करता है। मौके पर पहुंचे गांव के सरपंच नरेन्द्र ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। वे सरकार से मुआवजे की मांग कर दिलाने का प्रयास करेंगे। वहीं भूपसिंह व सरपंच ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अज्ञात जंगली जानवरों का पता लगाया जाए अन्यथा वे अन्य पशुओं को भी नुकसान कर सकते है।

न्यूज फ्लैश

होली पर कानून व्यवस्था स्थापित करने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त: जिलाधीश

पानीपत: जिलाधीश डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने होली के त्यौहार के दृष्टिगत दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 22(1) व 23(2) के तहत जिला में कानून व शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए विभिन्न स्थान पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाने के आदेश जारी किए हैं।

आदेशानुसार थाना किला क्षेत्र में तहसीलदार पानीपत वीरेंद्र गिल, थाना सिटी में नायब तहसीलदार अस्तित्व पाराशर, थाना तहसील कैंप में वेटरनिटी सर्जन डॉक्टर अशोक लोहान, थाना सदर में कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग सुरेश सैनी, थाना सेक्टर 13झ17 में हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ कुलदीप, थाना माडल टाउन में एटीपी नवीन कुमार, थाना औद्योगिक क्षेत्र में नगर निगम के कार्यकारी अभियंता राजेश कौशिक, थाना चांदनी बाग में निगम अभियंता राहुल पूनिया, थाना सेक्टर 29 में निगम अभियंता गोपाल कलावत, थाना समालखा में एसडीओ लोक निर्माण विभाग प्रवीण, थाना बापौली में नायब तहसीलदार बापौली कैलाश चंद्र, थाना सनौली में एसडीओ उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम बापौली परविंदर, थाना मतलौडा में नायब तहसीलदार मतलौडा अनिल कुमार और थाना इसराना में नायब तहसीलदार इसराना सौरव कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है।

डीसी ने दी जिलावासियों को होली पर्व की बधाई

कमाल हुसैन

पानीपत: उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला के सभी नागरिकों के होली के त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि होली रगों का त्योहार है इसको मिलकर मनाना चाहिए,इससे समाज मे आपसी भाईचारा और प्रेम की भावना बढ़ती है।

उन्होंने कहा कि होली के साथ-साथ पूरा देश लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व को भी मना रहा है इसलिए हमें जिला में मतदान के प्रति भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना है ताकि लोग अपने मत का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग कर सकें।

डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि हमें इस पर्व पर अपने मन मुटाव को दूर कर इसे सभ्य तरीके से मनाना चाहिये। उन्होंने जिला के नागरिकों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह पावन पर्व हमे यही संदेश देता है कि सबके जीवन में खुशियों के रंग भरे रहें और समाज में परम्पराओं का निर्वहन करते हुए इन त्यौहारों की प्रासंगिकता बनी रहे।

युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान:- विधायक प्रमोद कुमार विज

कमाल हुसैन

पानीपत: शहीदे आजम भगत सिंह ,राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर पानीपत के रामलाल चौक पर स्थित भगत सिंह, राजगुरु-सुखदेव की प्रतिमा के समक्ष पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया कविधायक ने शहीदों के प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की क विधायक ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु-सुखदेव का देश के लिए दिया गया अमूल्य बलिदान युगों-युगों तक अविस्मरणीय रहेगा एवं युवाओ को देश भक्ति की प्रेरणा देता रहेगा क कार्यक्रम में सांसद संजय भाटिया की धर्मपत्नी अंजू भाटिया और पूर्व मेयर अवनीत कौर ने भी सम्मिलित होकर शहीदों की प्रतिमाओं के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया बड़ी संख्या में युवा हुए सम्मिलितः- श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के युवाओ ने भारी संख्या मे उपस्थित होकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी एवं भारत माता की जयघोष के साथ इंकलाब जिंदाबाद के नारों से कार्यक्रम परिसर को गुंजायमान कर दिया। ये रहे उपस्थितः- कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल मदान, प्राण रत्नाकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु कुकरेजा, मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र तनेजा,विजय सहगल, हरीश कटारिया, राजेश भारद्वाज एवं पूर्व पार्षद लोकेश नागरू,अश्विनी ढींगरा, शकुंतला गर्ग,योगेश डावर, संजीव दहिया ,रविन्द्र भाटिया एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे।

एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसो. ने किया होली स्नेह मिलन समारोह

होली मिलन

8 समारोह में पहुंचे अतिथियों व उद्योगपतियों का चंदन का टीका व पगड़ी पहना कर स्वागत किया

टीम एक्शव इंडिया

गन्नौर: एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी द्वारा जीटी रोड स्थित कनक गार्डन में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राई विधायक मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, डीएसपी योगेंद्र कुमार, भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, भाजपा जिला महासचिव निशांत गोयल, कोषाध्यक्ष नवीन मंगला, जिला दमकल अधिकारी राजेंद्र सिंह दहिया बतौर विशिष्टातिथि मौजूद रहे। एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह ने समारोह में पहुंचे अतिथियों व उद्योगपतियों का चंदन का टीका व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इसके बाद गुलाब के फूलों से होली खेली गई। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध लोक गायक मस्ताना एंड पार्टी ने गीतों के माध्यम से सभी को झूमने का मजबूर कर दिया। मोहनलाल बड़ौली ने सभी उद्योगपतियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली के त्योहार पर आपस में प्रेम, मिलन एवं सौहार्द का आदान प्रदान होता है। प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा करी कि उद्योग एवं व्यापर को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा दिया जा रहा सहयोग निरंतर बना रहेगा। मंच का कुशल संचालन अरुण गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर संजय मित्तल, निशांत गोयल, विशाल गोयल, अनिल कौशिक, हरिओम शर्मा, बलकेश कौशिक, सतीश गौतम, मुकेश कंसल आदि मौजूद रहे।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया स्वागत

टीम एक्शन इंडिया

राई: भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई के कार्यालय में शुक्रवार को जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा के बाद स्व8ागत किया गया। जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को नए दायित्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विनोद बैरागी सुंदर जठेड़ी प्रदीप आंतिल, सुनील आर्य, मनोज दहिया नाहरा, डॉ विनोद प्रवीण खत्री, मास्टर सतीश चौहान, निरंजन पार्षद, संजीत गुलिया, दीपक मुकीमपुर, दीपक खरब, विनोद चोपड़ा, राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, अनिल त्यागी, अमित दहिया ,सुनील खरखौदा के अलावा पार्टी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आश्वाशन दिया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बसंत बिहार में गायत्री विद्यापीठ स्कूल में मनाया होली पर्व

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर: गायत्री विद्यापीठ वसंत विहार गन्नौर में अध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा होली के पावन पर्व को बड़े उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। अध्यापकों ने बच्चों को रंग का तिलक लगाने के बाद चॉकलेट देकर इस पर्व का महत्व भी बताया। प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने बताया कि होली प्रेम व प्यार का पर्व है।

हमें आपस में प्यार से रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली पर बच्चे अपने स्वास्थय का ध्यान रखे। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

नौनिहालों ने उल्लास पूर्वक मनाया होली उत्सव

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में शनिवार को होली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया । विद्यार्थियों ने ईको फ्रेंडली होली धूमधाम से मनाई । सीनियर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्राइमरी कक्षाओं के छोटे - छोटे बच्चों ने भी एक दूसरे को प्राकृतिक गुलाल व रंग लगाकर जमकर धमाल मचाया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बच्चों को रसायन युक्त रंगों से दूर रहने की हिदायत देते हुए इसके दुष्प्रभाव भी बताए गए। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक है। हम सभी को शांति और सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने सभी को सुरक्षित होली खेलने के बारे में भी जागरूक किया । उन्होंने कहा कि केमिकल युक्त रंग त्वचा और आंखों के लिए नुकसानदेह हैं, इसलिए हर्बल रंग-गुलाल का ही प्रयोग करना चाहिए । सीईओ संजय जैन ने कहा कि होली का त्योहार न केवल अपने-पराए का भेद मिटाता है, बल्कि अपनत्व और बंधुत्व के भाव को बल भी देता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि होली के माध्यम से आपसी एकता, शांति एवं सद्भाव के रंगों को बिखेरा जाए ताकि आपसी प्रेम प्यार बढ़े। विद्यालय की प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों को होली के दिन पानी की बबार्दी रोकने की शिक्षा दी। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर व गुजिया खिलाकर होली की मस्ती की। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने रंगों के पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान कोऑर्डिनेटर नीरु, अध्यापिका ललिता, पूजा, कुमारी युक्ति सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को होली की शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

शहीदों के योगदान को युवाओं से करवाया अवगत

ओलंपियन अमित कुमार दहिया ने शहीदों की फोटो पर किए पुष्प अर्पित

टीम एक्शन इंडिया

राई: गांव नाहरी में शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस पर ओलंपियन अमित कुमार दहिया, खेल उपनिदेशक व ग्रामीणों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावपूर्वक श्रद्धांजलि दी। दहिया ने युवाओं को देश को आजाद करने में शहीदों के योगदान को युवाओं को बताया। उन्होंने कहा कि शहीदों ने युवा अवस्था में 23 मार्च 1931 को तीनों क्रांतिकारियों ने इंकलाब का नारा लगाते हुए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया और भारत माता के लिए बलिदान दे दिया। इस अवसर पर एस.डी.बैडमिंटन अकादमी और ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों, लड़के, लड़कियों ,महिलाओं में 65 वर्ष के ऊपर बुजुर्गो की दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ अमित कुमार दहिया खेल निर्देशक हरियाणा सरकार, एस.डी.बैडमिंटन अकादमी के संचालक जितेंद्र दहिया द्वारा किया गया। समाजसेवी पदम सिंह दहिया, समाज सेवक उधम दहिया, राजीव मास्टर ,रविंद्र प्रधान ,नीरज दहिया, सुरेंद्र दहिया ,राजेंद्र दहिया ,बृजेश मास्टर ,रामनिवास आर्य, सुकेश रानी पूर्व पंचायत समिति सदस्य, राकेश दहिया, सुमित कोच, देवेंद्र कोच ,सत्तू पहलवान ,डॉक्टर सतबीर ,रमेश नंबरदार व ग्रामीणों ने प्रतियोगिता के आयोजन में हिस्सा लिया।

राष्ट्र पर कुर्बान सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

श्रद्धांजलि

8 सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ उच्च कोटि के संस्कार भी दिए जाते हैं

कमाल हुसैन

पानीपत: आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल पानीपत में यज्ञ के माध्यम से राष्ट्र पर कुर्बान सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य सत्यवान आर्य ने अपने संबोधन के द्वारा "शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का यही निशा होगा " स्लोगन के साथ शहीद भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्र निमार्ता महर्षि दयानंद सरस्वती जी के उद्देश्य (राष्ट्र सर्वोपरि) की पूर्ति के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले तथा आर्य समाज के शीर्ष नायक स्वामी ओमानंद जी को श्रद्धांजलि दी। उनके राष्ट्रीय विचार, गौ भक्ति हिंदी साहित्य आंदोलन में स्वामी जी के योगदान को भी याद किया गया। उन्होंने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ उच्च कोटि के संस्कार भी दिए जाते हैं।

हिसार के एक युवक को 130 ग्राम चरस सहित किया काबू

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: जिला में नशा मुक्ति को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट रोहतक लगातार नशे पर कड़ा प्रहार करते हुए लगातार सूचना मिलते ही तुरंत कार्यवाही कर रही है। इस कार्यवाही के अंतर्गत रोहतक यूनिट ने सुराग जुटाते हुए सिटी थाना गोहाना इलाका से आरोपी अशोक पूत्र रामनिवास वासी राजथल जिला हिसार को 130 ग्राम चरस सहित काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। उपायुक्त डा. मनोज कुमार के निर्देशन में सोनीपत को नशामुक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। हाल ही में हुई नार्को समन्वय कमेटी की बैठक में उपायुक्त ने हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट रोहतक के डीएसपी सत्येंद्र कुमार को विशेष रूप से निर्देश दिए थे कि वे लगातार छापामार कार्रवाई करें। डीएसपी सत्येंद्र कुमार ने निर्देशों की अनुपालना करते हुए सफलता हासिल की है। नशे का व्यापार करने वालों को गिरफ्त में लेने के उद्देश्य से कार्रवाई के दौरान यह सफलता मिली। डीएसपी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि बीती देर सांयकाल ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार खानपुर अशोक कुमार नायब की मौजूदगी में तलाशी ली गई तो नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

आरोपी के खिलाफ थाना शहर गोहाना में एनडीपीएस अधिनियम कि धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया। इस दौरान यूनिट प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके पूछताछ की जाएगी व अन्य सप्लायर्स व सप्लाई के बारे पता करके उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी व नशा तस्करी में संलिप्त किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा।

अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव प्रेरणा देते हैं: विज

मनीष कुमार

अम्बाला: हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी विधायक अनिल विज ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी का बलिदान दिवस है। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी आज भी ऐसा नाम है जो हम सभी को प्रेरणा देता है। यह नाम बताते हैं कि आजादी हमें यूं ही नहीं बल्कि बहुत कुबार्नी देकर मिली है और हमें इस देश को संभाल एवं संवार कर रखना चाहिए तथा इसे मजबूत बनाना चाहिए। विज आज शहीदी दिवस के अवसर पर अम्बाला छावनी के लघु सचिवालय में शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के दिन जालिम अंग्रेज हकुमत जोकि इतना डरती थी कि निर्धारित समय से भी पहले उन्होंने भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को फांसी दे दी। इनकी शहादत से सारे हिंदुस्तान में इंकलाब, भारत माता की जय के नारों की सुनामी आ गई। घरों में युवाओं व समस्त हिंदुस्तानियों की रगों में रक्त दौड़ने लगा और इसी से डरकर 15 अगस्त 1947 में अंग्रेज भारत छोड़कर चले गए। इससे पहले पूर्व मंत्री अनिल विज ने भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ह्लइंकलाब जिंदाबादह्व के नारे लगाए। इस दौरान भारी संख्या के मौजूद भाजपा कार्यकताओं ने भी इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा नेता राजीव गुप्ता डिम्पल, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान के अलावा संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, श्याम सुंदर अरोड़ा, फकीरचंद सैनी, नरेंद्र राणा, राम बाबू यादव, ललित चौधरी, रवि सहगल, जसबीर जस्सी, अजय बवेजा, सतपाल ढल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पहले विदुर नीति आई, फिर चाणक्य नीति और अब केजरी नीति जो कहती है कि जेल में बैठकर कैबिनेट मीटिंग करो व सरकार चलाओं : पूर्व मंत्री अनिल विज वहीं मौके पर पत्रकारों द्वारा केजरीवाल के बयान कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए प्रतिक्रिया दी और कहा कि पहले विदुर नीति होती थी, फिर चाणक्य नीति आई और अब केजरी नीति आई है।

केजरी नीति यह कहती है कि इनके नेता ऐसे काम करें कि यह जेल में चले जाएं और जेल में जाकर अंदर से सरकार चलाई जाएगी। केजरीवाल जी ने जेल से सरकार चलाने की नई नीति को ईजाद किया है और अच्छा है कि अब जेल में इनका कोरम पूरा हो गया है और वो वहीं कैबिनेट मीटिंग किया करेंगे, वहां पर शांत चित एकाग्र होकर वह अपनी बैठकें करें।

'होली' विशेष

कभी जमुना तट पर राधा और कान्हा की टोली रासरंग में सराबोर नजर आती है, तो कभी ,सरजू तट पर जनक दुलारी राम संग टेसू रंग से होली खेल रही हैं, उधर भोले शंकर ऐर उनके गण मसाने में ही भूत-भभूत संग होली का धमाल मचा रहे हैं। सब ओर होली के रंग बिखर रहे हैं और फगुन की मादक बयार बह रही है। अवध काशी और ब्रज जैसे अलग-अलग अंचलो की होली के विविध रंग अपनी छटा बिखेर रहे हैं....

होली के रंग कान्हा के संग

होलीका में आहुति देने वाली सामग्रीया

होलिका दहन होने के बाद होलिका में जिन वस्तुओं की आहुति दी जाती है, उसमें कच्चे आम, नारियल, भुट्टे या सप्तधान्य, चीनी के बने खिलौने, नई फसल का कुछ भाग है। सप्तधान्य हैं, गेहूं, उड़द, मूंग, चना, जौ, चावल और मसूर।

सुख - समद्धि मंत्र

वंदितासि सुरेंद्रेण ब्रह्मणा शंकरेण च। अतस्त्वं पाहि मां देवी! भूति भूतिप्रदा भव ॥ होलिका पूजन के समय इस मंत्र का उच्चारण करना चाहिए।

अहकूटा भयत्रस्तै: कृता त्वं होलि बालिशै: अतस्वा पूजयिष्यामि भूति-भूति प्रदायिनी॥? इस मंत्र का जप एक माला, तीन माला या फिर पांच माला विषम सख्याके रूप में करना चाहिए।

पुजा विधि

होलिका दहन करने से पहले होली की पूजा की जाती है। इस पूजा को करते समय, पूजा करने वाले व्यक्ति को होलिका के पास जाकर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठना चाहिए। पूजा करने के लिए निम्न सामग्री को प्रयोग करना चाहिए। एक लोटा जल, माला, रोली, चावल, गंध, पुष्प, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, मूंग, बताशे, गुलाल, नारियल आदि। इसके अतिरिक्त नई फसल के धान्यों जैसे-पके चने की बालियां व गेहूं की बालियां भी सामग्री के रूप में रखी जाती हैं। इसके बाद होलिका के पास गोबर से बनी ढाल तथा अन्य खिलौने रख दिए जाते हैं। गोबर से बनाई गई ढाल व खिलौनों की चार मालाएं अलग से घर लाकर सुरक्षित रख ली जाती है। इसमें से एक माला पितरों के नाम की, दूसरी हनुमान जी के नाम की, तीसरी शीतला माता के नाम की तथा चौथी अपने घर-परिवार के नाम की होती है। कच्चे सूत को होलिका के चारों ओर तीन या सात परिक्रमा करते हुए लपेटना होता है। फिर लोटे का शुद्ध जल व अन्य पूजन की सभी वस्तुओं को एक-एक करके होलिका को समर्पित किया जाता है। रोली, अक्षत व पुष्प का भी पूजन में प्रयोग किया जाता है। गंध-पुष्प का प्रयोग करते हुए पंचोपचार विधि से होलिका का पूजन किया जाता है। पूजन के बाद जल से अर्घ्य दिया जाता है। सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में होलिका में अग्नि प्रज्वलित कर दी जाती है। इसमें अग्नि प्रज्वलित होते ही डंडे को बाहर निकाल लिया जाता है।

होली का त्योहार कई पौराणिक गाथाओं से जुड़ा हुआ है। इनमें कामदेव, प्रह्लाद और पूतना की कहानियां प्रमुख हैं। प्रत्येक कहानी के अंत में सत्य की विजय होती है और राक्षसी प्रवृत्तियों का अंत होता है। कुछ लोग इस उत्सव का संबंध भगवान कृष्ण से मानते हैं। राक्षसी पूतना एक सुंदर स्त्री का रूप धारण कर बालक कृष्ण के पास गई। वह उनको अपना जहरीला दूध पिला कर मारना चाहती थी। दूध के साथ-साथ बालक कृष्ण ने उसके प्राण भी ले लिए। कहते हैं मृत्यु के पश्चात पूतना का शरीर लुप्त हो गया इसलिए ग्वालों ने उसका पुतला बना कर जला डाला। मथुरा तब से होली का प्रमुख केंद्र है।

होली और राधा - कृष्ण का कथा

होली का त्योहार राधा और कृष्ण की पावन प्रेम कहानी से भी जुड़ा हुआ है। वसंत के सुंदर मौसम में एक-दूसरे पर रंग डालना उनकी लीला का एक अंग माना गया है। वृन्दावन की होली राधा और कृष्ण के इसी रंग में डूबी हुई होती है। भगवान श्रीकृष्ण तो सांवले थे, परंतु उनकी आत्मिक सखी राधा गौरवर्ण की थी। इसलिए बालकृष्ण प्रकृति के इस अन्याय की शिकायत अपनी मां यशोदा से करते तथा इसका कारण जानने का प्रयत्न करते हैं। एक दिन यशोदा ने श्रीकृष्ण को यह सुझाव दिया कि वे राधा के मुख पर वही रंग लगा दें, जिसकी उन्हें इच्छा हो। नटखट श्रीकृष्ण यही कार्य करने चल पड़े। हम चित्रों व अन्य भक्ति आकृतियों में श्रीकृष्ण के इसी कृत्य को जिसमें वे राधा व अन्य गोपियों पर रंग डाल रहे हैं, देख सकते हैं। यह प्रेममयी शरारत शीघ्र ही लोगों में प्रचलित हो गई तथा होली की परंपरा के रूप में स्थापित हुई। इसी ऋतु में लोग राधा व कृष्ण के चित्रों को सजाकर सड़कों पर घूमते हैं। मथुरा में होली का विशेष महत्व है।

होली और धुंधी की कथा

भविष्यपुराण में वर्णित है कि सत्ययुग में राजा रघु के राज्य में माली नामक दैत्य की पुत्री ढोंढा या धुंधी थी। उसने शिव की उग्र तपस्या की। शिव ने वर मांगने को कहा तो उसने वर मांगा- प्रभु! देवता, दैत्य, मनुष्य आदि मुझे मार न सकें तथा अस्त्र-शस्त्र आदि से भी मेरा वध न हो। साथ ही दिन में, रात्रि, में शीतकाल में, उष्णकाल तथा वर्षाकाल में, भीतर-बाहर कहीं भी मुझे किसी से भय न हो। शिव ने तथास्तु कहा तथा यह भी चेतावनी दी कि तुम्हें उन्मत्त बालकों से भय होगा। वही ढोंढा नामक राक्षसी बालकों व प्रजा को पीड़ित करने लगी। 'अडाडा' मंत्र का उच्चारण करने पर वह शांत हो जाती थी। इसी कारण उसे 'अडाडा' भी कहते हैं। भगवान शिव के अभिशाप वश वह ग्रामीण बालकों की शरारत, गालियों व चिल्लाने के आगे विवश थी। ऐसा विश्वास किया जाता है कि होली के दिन ही सभी बालकों ने अपनी एकता के बल पर आगे बढ़कर धुंधी को गांव से बाहर धकेला था। वे जोर-जोर से चिल्लाते हुए तथा चालाकी से उसकी ओर बढ़ते ही गए। यही कारण है कि इस दिन नवयुवक कुछ अशिष्ट भाषा में हंसी मजाक कर लेते हैं, परंतु कोई उनकी बात का बुरा नहीं मानता।

श्री हरि विष्णु - हिरण्यकश्यप कथा

राजा हिरण्यकश्यप अहंकारवश स्वयं को ईश्वर मानने लगा। उसकी इच्छा थी कि केवल उसी का पूजन किया जाए, लेकिन उसका स्वयं का पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। पिता के बहुत समझाने के बाद भी जब पुत्र ने श्री विष्णु जी की पूजा करनी बंद नहीं की, तो हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को दंड स्वरूप उसे आग में जलाने का आदेश दिया। इसके लिए राजा ने अपनी बहन होलिका से कहा कि वह प्रह्लाद को जलती हुई आग में लेकार बैठ जाए, क्योंकि होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि वह आग में नहीं जलेगी। होलिका प्रह्लाद को लेकर आग में बैठ गई, लेकिन होलिका जल गई और प्रह्लाद नारायण कृपा से बच गया। यह देख हिरण्यकश्यप अपने पुत्र से और अधिक नाराज हुआ। हिरण्यकश्यप को वरदान था कि वह न दिन में मर सकता है न रात में, न जमीन पर मर सकता है और न आकाश या पाताल में, न मनुष्य उसे मार सकता है और न जान्वर या पशुपक्षी, इसीलिए भगवान ने उसे मारने के लिए संध्या का समय चुना और आधा शरीर सिंह का और आधा मनुष्य का, नृसिंह अवतार लिया। नृसिंह भगवान ने हिरण्यकश्यप की हत्या न जमीन पर की, न आसमान पर, बल्कि अपनी गोद में

शिव - पार्वती कथा

पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन समय की बात है कि हिमालय पुत्री पार्वती की यह मनोइच्छा थी, कि उनका विवाह केवल भगवान शिव से हो। सभी देवता भी यही चाहते थे, परंतु श्री भोले नाथ थे कि सदैव गहरी समाधी में लीन रहते थे, ऐसे में माता पार्वती के लिए भगवान शिव के सामने अपने विवाह का प्रस्ताव रखना कठिन हो रहा था। इस कार्य में देवताओं ने कामदेव का सहयोग मांगा। कामदेव ने भगवान शंकर की तपस्या भंग करने के लिए प्रेम बाण चलाया, जिसके फलस्वरूप भगवान शिव की तपस्या भंग हो गई। तपस्या के भंग होने से शिवजी को बड़ा क्रोध आया और उन्होंने अपनी तीसरी आंख खोल कर कामदेव को भस्म कर दिया। कुछ समय पश्चात भगवान शिव ने माता पार्वती से विवाह कर लिया। होलिका दहन का पर्व, क्योंकि कामदेव के भस्म होने से भी संबंधित है इसलिए इस पर्व की सार्थकता इसी में है कि व्यक्ति होली के साथ अपनी काम वासनाओं को भस्म कर दें और वासनाओं से ऊपर उठ कर जीवन व्यतीत करे।

नारद - युधिष्ठिर कथा

पुराणों के अनुसार श्री नारदजी ने एक दिन युधिष्ठिर से यह निवेदन किया कि हे राजन! फाल्गुन पूर्णिमा के दिन सभी लोगों को अभयदान मिलना चाहिए, ताकि सभी कम से कम एक साथ एक दिन तो प्रसन्न रहें। इस पर युधिष्ठिर ने कहा कि जो इस दिन हर्ष और खुशियों के साथ यह पर्व मनाएगा, उसके पाप प्रभाव का नाश होगा। उस दिन से पूर्णिमा के दिन हंसना-होली खेलना आवश्यक समझा जाता है।

हरि हर को झूले में झुलाने की प्रथा

होली से जुड़ी एक अन्य कथा के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा के दिन जो लोग चित को एकाग्र कर भगवान विष्णु को झूले में बिठाकर, झूलते हुए विष्णु जी के दर्शन करते हैं, उन्हें पुण्य स्वरूप वैकुण्ठ की प्राप्ति होती है।

राशि अनुसार खेलें रंग जीवन में लाएं खुशी के पल

होली रंगों का त्योहार है और रंग प्रेम के परिचायक होते हैं। इन प्यार मोहब्बत के रंगों को वही व्यक्ति स्वीकार करता है जिन के मन में अनुराग और अपनत्व की भावना होती है। अपनी राशि के अनुसार अपने इष्ट का ध्यान कर अपने मन से सभी बुराईयों का दहन कर भविष्य की पवित्र, सुखद, शाश्वत, पापरहित और प्रेममयी होली के रंग अपने जीवन में लाने का संकल्प करें और सुनहरे भविष्य की उज्वल कामना करें।

- मेष : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली की पूजा करने के उपरांत मंदिर जाकर शिवालय के दर्शन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए लाल गुलाल का प्रयोग करें।
- वृषभ : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत कन्या पूजन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए हल्के पीले रंग का प्रयोग करें।
- मिथुन : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत भगवान गणपति के दर्शन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए हरे रंग का प्रयोग करें।
- कर्क : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत शिव परिवार का पूजन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए सफेद कपड़े धारण करें और केवल गुलाल से ही होली खेलें।
- सिंह : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत भगवान सूर्य नारायण का पूजन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए गुलाल एवं मेहरून रंग का प्रयोग करें।
- कन्या : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत गणपति बप्पा और धन के देवता कुबेर जी के दर्शन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए टेसू रंग का प्रयोग करें।
- तुला : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत मां दुर्गा का पूजन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए लाल और पीले रंग का प्रयोग करें।
- वृश्चिक : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत भगवान गणपति और उनकी पत्नियों रिद्धि-सिद्धि का पूजन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए गुलाबी रंग का प्रयोग करें।
- धनु : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत भगवान दत्तात्रेय (गुरु महाराज) का पूजन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए पीले रंग का प्रयोग करें।
- मकर : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत भगवान श्री राम और उनके प्रिय भक्त हनुमान जी के दर्शन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए हल्का गुलाबी और पीला रंग प्रयोग में लाएं।
- कुंभ : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत श्री राम भक्त हनुमान जी का पूजन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए हरे और सिंदूरी रंग का प्रयोग करें।
- मीन : इस राशि के व्यक्ति ब्रह्ममूहर्त में उठकर होली पूजन के उपरांत बृहस्पति देव का पूजन करें तत्पश्चात होली के रंगों में रंगने के लिए पीले रंग का प्रयोग करें।

फतेहाबाद: लोकसभा चुनाव तय करेंगे देश में प्रजातंत्र खत्म होगा या बचा रहेगा: सुरजेवाला

जमानत

▶▶रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार देश के संविधान और प्रजातंत्र को रौंद रही है।

टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद
कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार देश के संविधान और प्रजातंत्र को रौंद रही है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराने और जेल भेजने का काम मोदी सरकार कर रही है। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन इसके ताजा उदाहरण हैं। रणदीप सुरजेवाला शनिवार को फतेहाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विनीत पुनिया के कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शहीदी दिवस के अवसर पर महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।
सुरजेवाला ने कहा कि आज वोट की ताकत को कमजोर करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। हिंदुस्तान में वोट के शासन, प्रजातंत्र व संविधान को खत्म करने की तैयार की जा रही है। जांच एजेंसी सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग चुनाव लड? की मशीनरी बन गई है। इसी तरह चुनाव आयोग की स्वायत्तता को ही खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही देश में प्रजातंत्र बचाने की लड़ाई लड़ सकती है। इस बार का लोकसभा चुनाव तय करेगा कि इस देश में प्रजातंत्र खत्म हो जाएगा या बचा रहेगा। सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना में भी घोटाले को अंजाम दिया। इलेक्टोरल बॉन्ड योजना से भाजपा वसूली रैकेट चला रही थी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय भी इतने अमीर लोगों का राज नहीं था, जितना आज के समय में है। आज के हिंदुस्तान में कुछ चुनिंदा अरबपतियों के पास सारा पैसा है। भाजपा के लिए कानून, संविधान के मायने नहीं बचे, इसलिए देश में अब संपूर्ण क्रांति की जरूरत है।
हरियाणा की मौजूदा भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। भाजपा ने अपना मुख्यमंत्री बदलकर पिछले साढ़े नौ सालों की विफलताओं पर पर्दा डालने का प्रयास किया है। पांच साल से जो वह कहते आ रहे थे, वह सच साबित हुआ। चुनाव आते ही भाजपा और जजपा अलग हो गए। ताकि कई पार्टियां मैदान में लड़ें तो भाजपा को चोर दरवाजे से एंट्री मिल सके। विनीत पुनिया ने कहा कि आज सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने की जरूरत है ताकि देश में लोगों के अधिकारों को सुरक्षित रखा जा सके।

हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगी पुलिस

चौकसी

▶▶होली पर शांति व्यवस्था काम रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को चौकसी बरतने के आदेश दिए हैं।

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद
पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने होली के अवसर पर शांति व्यवस्था काम रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को विशेष चौकसी बरतने के आदेश दिए हैं। तीनों जोनों की पुलिस की सार्वजनिक स्थानों तथा भीड़-भाड़ वाले बाजारों पर कड़ी नजर रहेगी।
असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई व सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने एरिया में गस्त व रात्रि में गस्त करने के दिशा निर्देश दिए है। सभी डीसीपी अपने अपने जोन की ड्यूटियां चेक करेंगें।
पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने कहा कि इस शुभ अवसर पर नागरिकों, फरीदाबाद पुलिस के समस्त अधिकारियों व जवानों सहित उनके परिवारों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार लोगों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है और सभी नागरिक इसे उत्साहपूर्वक मनाते हैं। डीसीपी ट्रैफिक को त्यौहार के चलते नाकाबन्दी कर चैकिंग करके शराब पीकर गाडी चलाने वालों, ब्लैक फिल्म, ट्रिपल राईडर के चालान करने के निर्देश दिए है। सभी अपराध शाखाओं को मार्किट व भीड भाड वाले क्षेत्र में गस्त करने के निर्देश किए है।
कुछ उपद्रवी लोग भांग या शराब के नशे वाहनों को तेज गति से सडकों पर वाहन दौड़ाते हैं जिसके परिणामस्वरूप गंभीर दुर्घटनाएं घटित होती हैं।

एल्विश को लेकर गुरुग्राम पहुंची नोएडा पुलिस, कोर्ट ने दी जमानत

-यूट्यूबर एल्विश पर मारपीट मामले में गुरुग्राम पुलिस ने किया था केस दर्ज

जमानत

▶▶-एलविश यादव सांपों के जहर सप्लाई के मामले में नोएडा पुलिस ने किया था गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम
बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एवं यूट्यूबर एल्विश यादव को लेकर नोएडा पुलिस शनिवार को गुरुग्राम पहुंची। एल्विश को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत मिल गई। एल्विश पर गुरुग्राम पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज किया था। बता दें कि एल्विश यादव सांपों का जहर सप्लाई के केस में फंसे हैं। उन्हें नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया था।
एल्विश यादव सांपों के जहर की सप्लाई के मामले में नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। पुलिस थाना सेक्टर-53 के इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार के मुताबिक संदिग्ध ड्रग मामले से जुड़े एक मामले में गौतमबुद्ध नगर की अदालत से जमानत मिलने के बाद एल्विश यादव को साथी यूट्यूबर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से जुड़े हमले के मामले में भी जमानत दे दी। एल्विश यादव के वकील हिमांशु यादव ने कहा कि गुरुग्राम की अदालत ने जमानत याचिका पर सुनवाई की और जमानत दे दी। उन्हें जमानत बांड भरना होगा, जो अदालत में जमा किया जाएगा।

नोएडा जेल में बंद था एल्विश यादव

गुरुग्राम में मारपीट मामले में गुरुग्राम पुलिस ने बुधवार को अर्जी दाखिल कर नोएडा जेल में बंद आरोपी एल्विश यादव का प्रोडक्शन वारंट मांगा था। गुरुग्राम के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्ष कुमार की अदालत ने 27 मार्च को उनकी उपस्थिति तय की थी, लेकिन नोएडा पुलिस शनिवार सुबह एल्विश को लेकर गुरुग्राम अदालत पहुंची। एल्विश को शुक्रवार को गौतम बुद्ध नगर की एक अदालत से जमानत मिल गई थी।
नोएडा पुलिस द्वारा एल्विश को गुरुग्राम लाने की सूचना नहीं दी गई थी, लेकिन अदालत से सूचना मिलने के बाद सेक्टर-53 पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुरुग्राम और ड्यूटी मजिस्ट्रेट अक्षय कुमार की अदालत में पहुंची। एल्विश को प्रोडक्शन वारंट पर ले लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और बाद में वह जांच में शामिल हो गया। इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार ने बताया कि अदालत की अनुमति के बाद हमने आरोपी एल्विश यादव से लगभग तीन घंटे तक पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथियों के नामों का खुलासा किया, जो यूट्यूबर के साथ मारपीट मामले में उसके साथ शामिल थे।

कार से चार किलो चरस बरामद, एक युवक गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/जींद
गांव गांगोली से भागखेड़ा रोड पर कार सवार एक युवक को सीआईए स्टाफ ने पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से चार किलो 150 ग्राम चरस बरामद की है। चरस को हिमाचल प्रदेश से कार में तस्करी कर लाया जा रहा था। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पकड़े गए कार सवार के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव भागखेड़ा निवासी हरिकेश नशीले पदार्थों की तस्करी करता है और वह गांव में नशा बेचता है।

होली पर डिजाइनर पिचकारी और हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
जिला सोनीपत के शहर गोहाना, गन्नौर, खरखौदा के बजार में होली के रंग में पूरी तरह रंगे नजर आ रहे हैं। दुकानदारों की मानें तो दो-तीन दिन से ग्राहक रंगों और पिचकारियों की खरीद के लिए पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक मांग हर्बल कलर्स और चाइनीज आइटमों की है। इसके साथ ही बच्चों के लिए इस बार डिजाइनर पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं।
रंगों की दुकान सजाने वाले दुकानदारों का कहना है कि पिछले दो-तीन दिन से होली के लिए ग्राहकों ने खरीदारी शुरू कर दी है। ग्राहकों को इस बार हर्बल कलर्स और बच्चों को डिजाइनर पिचकारियां, बम, प्रेशर गन अधिक पसंद की जा रही हैं। दुकानदार सुरेश ने बताया कि डिजाइनर पिचकारियों की कीमत 100 रुपये से लेकर लगभग 1200 रुपये तक है। हालांकि पिछले साल की तुलना में इस साल भी दाम में किसी तरह का कोई अंतर नहीं आया है। वहीं होली का पर्व नजदीक आते ही बाजार में भीड़ अधिक बढ़ गई है। बजारों में भीड़ बढने लगी है जाम की स्थित बनी हुई है, जिससे निपटने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा उपाय किए जाने की जरुरत गहसुस की जा रही है। बाजार में पार्किंग की व्यवस्था न होने की वजह से भी जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों की मुश्किलें ज्यादा बढ़ हुई है। सड़कों पर खड़े वाहन, फल-सब्जी बेचने तथा अन्य सामान की रेहड़ियां लगाने वालों ने भी अतिक्रमण किया हुआ है।
लेकिन पुलिस विभाग व नगरपालिका बाजार में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान नहीं चला रही।

चुनाव को लेकर कंट्रोल रूम में मिलेगी नागरिकों को चुनावी संबंधी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया/सिरसा
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि जिला के नागरिकों की सुविधा व लोकसभा आम चुनाव के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कोई भी मतदाता एवं आम नागरिक कंट्रोल रूम में लोकसभा आम चुनाव के संबंध में जानकारी ले सकता है।
उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान यदि कहीं भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की शिकायत मिलती है तो नागरिक किसी भी समय इसकी सूचना कंट्रोल रूम नंबर 1950 पर दे सकते हैं। इस नंबर पर 24 घंटे कर्मचारी की ड्यूटी रहेगी। इसके अलावा पुलिस कंट्रोल रूम नंबर सिरसा के नंबर 01666-247811/112 व डबवाली के नंबर 01668-299100/7082014523 पर भी संपर्क कर सकते हैं।चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा कर दी है, जिसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की पूर्ण ईमानदारी से अनुपालना करें। चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार की कोई सहायता व शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके अलावा प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर-1950 भी जारी किया गया है। इसलिए अगर किसी मतदाता को चुनाव से संबंधित कोई भी जानकारी लेनी है या देनी है तो वह हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों व आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वतंत्र निष्पक्ष, स्वच्छ व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग दें।

जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद
आर्थिक अपराध शाखा टीम ने जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर दोबारा बिक्री के मुकदमे में 3 आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शनिवार को बताया कि प्रणव और अनुज व उनके पिता दीप ने वर्ष 1984-85 में गांव कोट पाली में , 33 बीघा -9 बिस्वा जमीन खरीदी थी। जिसमें से प्रणव और अनुज ने अपने हिस्से की 16 बीघा-16 बिस्वा का जी.पी.ए. सतपाल निवासी सेक्टर-10 फरीदाबाद को बेच दिया था।
दीप ने अपनी जमीन 16 बीघा-16 बिस्वा का जी.पी.ए. प्रेम सिह जटानी को बेच दिया था। जटानी ने जमीन को प्रमोद सेठी को तथा प्रमोद सेठी ने आगे सेठी एन कम्पनी को इस जमीन को बेच दिया था। जिसमें से सतपाल ने अपनी खरीदी हुई जमीन को टुकड़ों में बेच दिया था। योजना के तहत आरोपी अंकुर सूद-प्रणव बनकर, आरोपी राजीव उर्फ रिम्पी-अनुज बनकर तथा एक महिला लक्ष्मी देवी दीप की पत्नी बनकर जमीन की असली मालिक दीप का मृत्यु प्रमाण पत्र वर्ष 2002 में कोट गांव के पटवारी को दिखाकर रोजनामचा में इंतकाल दर्ज करवाया। फिर आरोपियों ने दर्ज इंतकाल जमीन बडौली के अनिल कुमार को बेच दी थी। अनिल ने जमीन को आगे रिटायर्ड डीसी प्रवीन के घरवाली के नाम बेच दिया। जब प्रवीन जमीन का इंतकाल दर्ज कराने के लिए गए तो वहा पर पहले से ही सेठी कम्पनी का इंतकाल दर्ज था। जिस पर सेठी एन्ड कम्पनी के अधिकृत अधिकारी प्रमोद कुमार की तरफ से एक लिखित शिकायत दी गई, जिसकी कार्रवाई आर्थिक अपराध सेन्ट्रल के द्वारा की जा रही थी। जांच के बाद शिकायत पर वर्ष 2022 में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।
आर्थिक अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से रेड कर आरोपी अंकुर और अमन को लुधियाना से तथा आरोपी राजीव उर्फ रिम्पी को संगरुर पंजाब से गिरफ्तार किया गया है।

सिरसा: होली के पर्व को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट

टीम एक्शन इंडिया/सिरसा
:होली के त्यौहार को लेकर जिला पुलिस ने जहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिला के सभी नागरिकों को होली के पावन पर्व पर बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना भी की है।
होली के पावन पर्व को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे छोड़कर दहशत फैलाने वालों तथा तेज गति से बाइक तथा अन्य वाहन चलाकर हुड़दंगबाजी कर शांति भंग करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण द्वारा जिला की यातायात पुलिस सहित सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। होली के पावन पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समस्त जिला पुलिस जहां सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। असमाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने तथा उन पर पैनी नजर रखने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिला के सभी कस्बो, नेशनल हाईवे तथा अन्य मार्गों पर नाकाबंदी कर चैकिंग अभियान चला कर नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भाटला गांव में पेड़ से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

प्रेम प्रसंग

▶▶ मृतक के परिजनों ने युवती के परिजनों पर हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है।

टीम एक्शन इंडिया/हिसार
हांसी के बरवाला रोड स्थित भाटला गांव में 19 वर्षीय युवक सचिन का शव प्लाट में पेड़ पर लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है मृतक युवक का गांव की ही एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार को मृतक के परिजनों ने युवती के परिजनों पर हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है।
सैर करने आए लोगों ने शनिवार सुबह जब युवक के शव को पेड़ से लटकते देखा तो इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और गांव के सरपंच ने मामले की सूचना पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद भाटला पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और युवक के शव को पेड़ से उतार पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के ताऊ राजेंद्र के बयान पर सज्जन, राजबीर, महावीर, रोहताश, दिलबाग, बजरंग, साहिल, दीपक व अनिल के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।
पुलिस की दी शिकायत में मृतक सचिन के ताऊ राजेंद्र ने कहा है सचिन का गांव की ही एक युवती के साथ अफेयर चल रहा था और करीब 15 दिन पहले उसके द्वारा युवती को चिट्ठी लिखे जाने को लेकर युवती के परिजनों द्वारा सचिन की पिटाई की गई थी। ताऊ राजेंद्र ने बताया कि लड़की को चिट्ठी लिखे जाने की बात सामने आने पर वह अपने परिवार के सदस्यों को साथ लेकर लड़की के परिजनों के पास गए थे और उसने लड़की के परिजनों से माफी मांगी थी लेकिन वे माफी मांगने पर नहीं माने और लड़की के परिजनों ने धमकी दी थी कि हम तुम्हारे लड़के की हत्या कर हमारी लड़की के साथ बदतमीजी करने का बदला लेंगे।

फरीदाबाद: देश में मोदी जी की लहर, जीतेंगे 400 से ज्यादा सीटें

टीम एक्शन इंडिया/फ?रीदाबाद
भाजपा संगठन में फ?रीदाबाद के लोकसभा प्रभारी जी.एल शर्मा और लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने शनिवार को लोकसभा फ?रीदाबाद के जिला पदाधिकारियों, भाजपा मंडल प्रभारियों, भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकताओं की बैठक ली।
इस बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, फरीदाबाद, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश रेक्सवाल, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ, पूर्व जिला महमंत्री मूलचन्द मित्तल एवं आर एन सिंह, भाजपा मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, जिला

पदाधिकारी, विधानसभा संयोजक व प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे । फरीदाबाद लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने बूथ जीता चुनाव जीता का पाठ पढाया । उन्होंने बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और त्रिदेव के मध्यम से बूथों को सशक्त करने, माइक्रो बूथ मैनेजमेंट, चुनाव मैनेजमेंट व अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की । जनसंपर्क के माध्यम से कार्यकर्ता घर घर मोदी जी की राम राम पंहुचाएं । अजय गौड़ ने कहा कि फरीदाबाद में पहले से ज्यादा मतों से लोकसभा सीट जीतकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायेंगे । राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी ने बूथ पर जन सम्पर्क और नमो ऐप्प के माध्यम से माइक्रो डोनेशन के विषय में महत्वपूर्ण चर्चा की ।
जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा ने भी संगठनात्मक विषयों पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया और विकसित भारत संकल्प पत्र के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा में जगह जगह सुझाव पेटी के माध्यम से जनता से सुझाव माँगे जा रहे हैं । लोकसभा प्रभारी और फरीदाबाद के जिला प्रभारी जी.एल शर्मा ने पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी । मोर्चों के आगामी कार्यक्रमों के विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा को सामाजिक समरसता सम्मेलन करने, युवा मोर्चा द्वारा युवा चौपाल, अनुसूचित मोर्चा को बस्ती सम्पर्क, अल्पसंख्यक मोर्चा को प्रभावशाली लोगों से स्नेह संवाद करने और महिला मोर्चा को स्लम बस्ती में महिलाओं से सम्पर्क कार्यक्रम पर जानकारी दी ।

प्रेम, मिलन एवं सौहार्द को आदान प्रदान करता होली का त्यौहार: विधायक बडौली

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
गन्नौर में एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी द्वारा जीटी रोड स्थित कनक गार्डन में शनिवार को आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में राई विधायक मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि होली के त्योहार पर आपस में प्रेम, मिलन एवं सौहार्द का आदान प्रदान होता है।
प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा करी कि उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा दिया जा रहा सहयोग निरंतर बना रहेगा। मंच का कुशल संचालन अरुण गोस्वामी ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, डीएसपी योगेंद्र कुमार, भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, भाजपा जिला महासचिव निशांत छौक्कर, कोषाध्यक्ष नवीन मंगला, जिला दमकल अधिकारी राजेंद्र सिंह दहिया बतौर विशिष्ट अतिथि रहे।
एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह ने समारोह में पहुंचे अतिथियों व उद्योगपतियों का चंदन का टीका व पगड़ी पहनाई स्वागत किया। इसके बाद गुलाब के फूलों से होली खेली गई। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध लोक गायक मस्ताना एंड पार्टी ने गीतों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। संजय मित्तल, निशांत गोयल, विशाल गोयल, अनिल कौशिक, हरिओम शर्मा, बलकेश कौशिक, सतीश गौतम, मुकेश कंसल आदि मौजूद रहे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 24 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

BHAGWATI PUBLIC SCHOOL

P. Nur. to VIIth
English Medium

X - XII Open / Patrachar

J.B.T. / B.ed. / Delad / LLB / D. PHARMA

Distance Education

Tuition Classes
IX - X - Math, Science, English
XI - XII - History, Pol. Science, Geo, Eco.
B.A., B.ed., J.B.T., M.A.

KAUSHAL SHARMA

Chopal Wali Gali, Shalimar Village, Delhi-110088, Mobile 9313048214